शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 18, पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 13 फरवरी 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## कोई भी राज्य या देश, विकास में हमारा मुकाबला नहीं कर सकता : ममता

**कोलकाता**
टीएमसी सुप्रीमो और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि उनकी सरकार राज्य के लोगों के विकास के लिए कड़ी मेहनत कर रही है, लेकिन उनकी सरकार पर भ्रष्टाचार के झूठे आरोप लगाकर बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। पश्चिम बंगाल के हुगली में एक सरकारी कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने ये बातें कही। 'कोई भी राज्य विकास में हमारा मुकाबला नहीं कर सकता': ममता बनर्जी ने कहा कि 'केंद्र सरकार की आर्थिक नाकेबंदी के बावजूद राज्य सरकार ने गरीबों के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं की शुरूआत की है। ममता बनर्जी ने दावा किया कि कोई भी राज्य या देश विकास के मामले में हमारा सामना नहीं कर सकता।
ये भी तब है, जब केंद्र ने हमें वंचित रखने की कोशिश की , लेकिन हम हमारे लोगों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं लाने में सफल रहे।' ममता बनर्जी ने कहा कि उनकी सराकर पर भ्रष्टाचार के झूठे आरोप लगाकर बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। ममता बनर्जी ने दावा किया कि केंद्र सरकार ने राज्य के 1.18 लाख करोड़ रुपये जारी नहीं किए हैं। ममता बनर्जी का यह बयान ऐसे समय सामने आया है, जब टीएमसी के कई नेता भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद हैं। ईडी राशन घोटाले समेत कई और घोटालों की जांच कर रही है। विपक्षी भाजपा भ्रष्टाचार के आरोपों पर टीएमसी पर हमलावर है।

## दानापुर पुणे एक्सप्रेस में लूटपाट

**प्रयागराज**
**दानापुर** से पुणे जा रही ट्रेन संख्या 2150 दानापुर पुणे एक्सप्रेस में घूरपुर थाना क्षेत्र के इरादतगंज व जसरा के बीच ट्रेन की जनरल बोगी में सोमवार सुबह साढ़े पांच के आसपास एक दर्जन यात्रियों से कुछ लोगों ने लूटपाट की। लूट-पाट करने के पश्चात बदमाश शंकरगढ़ रेलवे स्टेशन के पहले चेन पुलिंग कर फरार हो गए। वहीं घटना की जानकारी के बाद आरपीएफ जांच पड़ताल में जुटी हुई है। दानापुर पुणे एक्सप्रेस सोमवार सुबह 5:10 पर छिवकी स्टेशन पहुंची।
10 मिनट के ठहराव के बाद ट्रेन आगे के लिए रवाना हो गई। लिंक जंक्शन के पास गाड़ी धीमी होने पर जनरल बोगी में चार युवक चढ़ गए। ट्रेन जैसे ही गाड़ी इरादतगंज से जसरा के बीच पहुंची बदमाशों ने यात्रियों के साथ मारपीट करते उनसे लूटपाट शुरू कर दी।

# फ्लोर टेस्ट में नीतीश कुमार जीते

## बिहार की नीतीश कुमार सरकार के पास 128 विधायक थे और जब बहुमत परीक्षण हुआ तो इनकी संख्या 130 हो गई

**पटना**
14 दिनों से जिस 'खेला' की चर्चा पूरे देश में थी, वह वास्तव में उलटा पड़ गया। बिहार की नीतीश कुमार सरकार के पास 128 विधायक थे और जब बहुमत परीक्षण हुआ तो इनकी संख्या 130 हो गई। विपक्ष पहले ही स्पीकर अविश्वास प्रस्ताव में हार गया था।
मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आग्रह के बाद सदन में वोटिंग कराई गई। सत्ता पक्ष के समर्थन में 130 वोट पर पड़े। राजद समेत महागठबंधन ने वॉकआउट का रास्ता अपनाया। इस तरह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार फ्लोर टेस्ट में पास हो गए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि खरीदने की कोशिश हुई, लेकिन या कोशिश सफल नहीं हो पाई। सरकार के पास पहले 128 विधायक थे। विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के वक्त जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार संबोधन देने के लिए खड़े हुए तो राजद विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुस्सा गए और उन्होंने कहा यह लोग मुझे बोलने देना नहीं चाहते हैं आप वोट करवाइए। इसके बाद तेजस्वी यादव अपने विधायकों के साथ सदन से वॉक आउट कर गए। सदन से बाहर निकले कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खां ने कहा कि ऐसा भी मौका आता है, जब जीत में भी हार दिखती है। आप जीत तो गए हैं, लेकिन आपकी निगाहें शर्म से झुकी



## अब रानी के पेट से राजा पैदा नहीं होगा...' डिप्टी सीएम ने किया कटाक्ष

**विधानसभा** में सोमवार को विश्वासमत प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान तेजस्वी यादव के संबोधन के जवाब में उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा तीखी टिप्पणी की। विजय सिन्हा ने कहा, रानी के पेट से राजा पैदा नहीं होगा। वंशवाद की राजनीति नहीं चलेगी। आप तो चांदी का चम्मच लेकर पैदा हुए हैं। आप पांच बार विपक्ष के नेता रहे, लेकिन जनता के हित के लिए आपने क्या किया? उन्होंने जमीन के बदले नौकरी घोटाले की ओर इशारा करते हुए कहा, जब कार्रवाई होती है तो वो कहते हैं मैं तो बच्चा था, लेकिन ये संपत्ति कहां से आई। भ्रष्टाचार पर कार्रवाई होती है तो भ्रम फैलाते हैं।

## ओल्ड पेंशन नीति लागू करवाइए: तेजस्वी यादव

**तेजस्वी** ने कहा कि हमने इन्हें इनके पिता में गुण पर नहीं बल्कि इनके गुण के आधार पर साथ लाया था। नीलम जी आप महिला हैं हम आपका सम्मान करते हैं। जो भी बातें हुई हैं, अगर नहीं पूरा होता है तो हमें याद कीजिएगा। तेजस्वी यादव ने कहा कि ओल्ड पेंशन नीति लागू करवाइए। सम्राट चौधरी से उन्होंने कहा कि आप इसे लागू करवाइए हम क्रेडिट आपको देंगे। यह कहते हुए तेजस्वी याद सदन से निकल गए।
तेजस्वी यादव ने आगे कहा कि



सम्राट जी और विजय सिन्हा जी हम आपलोगों से पूछते हैं कि जो काम करेगा वह अपना क्रेडिट नहीं लेगा क्या। हमने इतनी नौकरियां दी तो क्रेडिट क्यों न लें लेकिन, नीतीश कुमार कहते हैं कि क्रेडिट मत लीजिए। तेजस्वी यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी पर तंज कसा। इसके बाद मांझी भी पलटवार करने के लिए खड़े हुए लेकिन आसान ने उन्हें बैठा दिया। तेजस्वी यादव ने कहा कि जब तक कोई सरकार में स्थिरता नहीं होगी तब तक किसी राज्य का विकास नहीं होगा। मुझे तो चिंता होती है कि नीतीश जी के विधायक क्या मुंह लेकर अपने क्षेत्र में जायेंगे। क्या कहेंगे कि हमने नौकरी दी। किस मुंह से यह बात बोलेंगे। अफसरशाही इतना हावी है यह हम नहीं यह तो भाजपा वाले ही बोलते थे। भाजपा इतना डरी हुई थी महागठबंधन सरकार में।

हैं। एनडीए सरकार केवल विरोधाभास से भरी हुई है। भाजपा के इतिहास के बारे में तो नीतीश कुमार ने कई बार कहा है कि यह देश बदल देंगे। लेकिन, आप हमेशा बदलते रहे हैं, आपको इतिहास आपको याद रखेगा। तेजस्वी यादव ने जदयू खेमे में गए तीन विधायकों को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रह्लाद जी आप इतने साल राजद के साथ रहे मैं आपका धन्यवाद देता हूं। चेतन आनंद मेने छोटे भाई समान हैं। जब कोई दल इन्हें टिकट नहीं दे रहा तब राजद ने इन्हें टिकट दिया और विधायक चुने गए।

## नीतीश के लिए 'संकटमोचक' बने चौधरी और सिन्हा





**पटना**
उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा और जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी सोमवार को राज्य सरकार के लिए संकटमोचक की भूमिका में नजर आए। ऐसे तो उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, पूर्व मंत्री अशोक चौधरी और राजग के घटक दलों के सभी प्रभावशाली नेता विधायक प्रबंधन में जुटे थे, लेकिन राजद के तीन विधायकों की आमद ने सरकार के लिए संजीवनी का काम किया। इन विधायकों- चेतन आनंद, नीलम सिंह और प्रहलाद यादव के आते ही राजग के बागी विधायकों के होश उड़ गए। उन्होंने सरकार के विरोध का इरादा छोड़ दिया।

**विजय सिन्हा ने निभाई अहम भूमिका**
सूत्रों ने बताया कि प्रहलाद यादव और नीलम देवी को सत्तारूढ़ दल में लाने में विजय सिन्हा की महत्वपूर्ण भूमिका है। नीलम देवी ने जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी से भी संपर्क किया था। वह उन्हीं के साथ मुख्यमंत्री से मिलने गई थी। जबकि प्रहलाद यादव को विजय सिन्हा मुख्यमंत्री के पास लेकर गए।

**चेतन आनंद को चाहिए सरकार की मदद**
शिवहर के राजद विधायक चेतन आनंद पहले से जदयू के करीब रहे हैं। उनकी मां और पूर्व सांसद लवली आनंद ने जदयू नेतृत्व को मदद का आश्वासन दिया था। इस समय चेतन आनंद को अपने पिता आनंद मोहन की रिहाई के मामले में भी सरकार की मदद चाहिए। सूर्यगढ़ा के राजद विधायक प्रहलाद यादव बालू के कारोबार से जुड़े कई मामलों में कानूनी तौर पर फंसे हुए हैं।

## सोनिया गांधी के राजस्थान से राज्यसभा में आने की प्रबल हुई संभावनाएं

**नई दिल्ली**
लोकसभा चुनाव से पूर्व तेज हुई राजनीतिक हलचलों के बीच कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के अब राज्यसभा के रास्ते सियासत में बने रहने की संभावनाएं प्रबल हैं। पार्टी हलकों से मिले संकेतों के अनुसार सोनिया गांधी को राजस्थान से राज्यसभा में लाए जाने की तैयारी है। राज्यसभा के चुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवारों का ऐलान अगले एक-दो दिनों में होना है और सोनिया के उम्मीदवार बनने की हलचल तेज है। सोनिया गांधी के राज्यसभा में आने का संकेत साफ होगा कि बेशक वह सियासत में बनी



रहेंगी मगर सीधे चुनावी राजनीति में उतरने से अब दूर रहेंगी।

**प्रियंका गांधी रायबरेली से लड़ सकती हैं चुनाव**
रायबरेली से लोकसभा सांसद सोनिया गांधी के राज्यसभा में जाने का अर्थ यह भी लगाया जा रहा है कि अब कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा अगले आम चुनाव में इस सीट से नेहरू-गांधी परिवार की नुमाइंदगी करने के लिए मैदान में उतर सकती हैं।
सोनिया गांधी ने पिछले कुछ सालों से स्वास्थ्य वजहों से अपनी राजनीतिक सक्रियता को सीमित रखा है और पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान राय बरेली में उनके चुनाव का संचालन भी प्रियंका गांधी ने ही किया था।

## पीएम करेंगे श्री कल्कि धाम का शिलान्यास

**संभल**
**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर संभल पहुंचे। यहां उन्होंने ऐंचोड़ा कंबोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आगामी 19 फरवरी को होने जा रहे श्री कल्कि धाम के शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियों को परखा। सीएम योगी ने कार्यक्रम स्थल का विस्तृत मुआयना किया और अधिकारियों को विभिन्न दिशा-निर्देश दिए। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने अधिकारियों संग समीक्षा बैठक भी की।

**हेलीपैड से लेकर मंच तक का सीएम ने किया निरीक्षण**
संभल के ऐंचोड़ा कंबोह में श्री कल्कि धाम के शिलान्यास का कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के




कर-कमलों से होने जा रहा है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने यहां पहुंचकर कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया है। सीएम ने कार्यक्रम स्थल, गर्भगृह, मंच और हेलीपैड का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने आयोजन के लिए की जा रही सभी तैयारियों को समय से पूरा कराने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि आयोजन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद होनी चाहिए।

**संतों को न हो किसी प्रकार की असुविधा:** समीक्षा बैठक में अफसरों ने मुख्यमंत्री को बताया कि शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियां तेज गति से पूरी की जा रही हैं। कार्यक्रम स्थल व आसपास के इलाके को समतल करा लिया गया है। साथ ही मिट्टी से गड्ढे भरवा लिए गए हैं। इसके अलावा छह हेलीपैड भी बनाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियो से गर्भगृह और वीवीआईपी सहित अन्य आगंतुकों के प्रवेश की जानकारी ली। सीएम योगी ने आगंतुकों खासकर संतों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना होने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

**'सड़कों की साफ-सफाई और सुंदरीकरण कराएं'**
मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ऐंचोड़ा कंबोह तक आने वाले सभी मार्गों पर सफाई व्यवस्था दुरूस्त कराई जाए।

## 'कर्नाटक में हिंदुओं पर हमले, सरकार राज्यपाल से बुलवा रही झूठ'



**बेंगलुरु**
कर्नाटक भाजपा ने सोमवार को विधान सौध के संयुक्त सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण पर कांग्रेस सरकार की आलोचना की। विपक्ष के नेता आर. अशोक ने कहा कि राज्य में हिंदुओं पर हमले हो रहे हैं और कांग्रेस सरकार राज्यपाल से अभिभाषण में झूठ बुलवा रही है।
उन्होंने कांग्रेस पर पिछली भाजपा सरकार और केंद्र सरकार की योजनाओं को अपना बताने का भी आरोप लगाया। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि राज्य में आतंकी घटनाएं बढ़ी हैं। कांग्रेस सरकार का कानून-व्यवस्था बनाए रखने का दावा शर्मनाक है

**सरकार ने नफरत फैलाई**
उन्होंने कहा कि सरकार हिंदू और मुस्लिमों के बीच नफरत फैलाई है। कांग्रेस सरकार ने मुस्लिमों के लिए एक हजार करोड़ रुपये जारी किए और अन्य समुदायों के लिए मुआवजे की मांग की गई तो उन्होंने केंद्र सरकार की ओर अंगुली उठाते हुए कहा कि उन्होंने फंड जारी नहीं किया।

**बेरोजगारों को नहीं मिला भत्ता**
उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पांचों गारंटी लागू करने का दावा किया लेकिन युवा निधि योजना के तहत अब तक बेरोजगारों को भत्ता नहीं मिला है। उन्होंने सूखा राहत भी जारी रखने का दावा किया लेकिन राहत किश्तों में नहीं दी जानी चाहिए। पिछली भाजपा सरकार ने किसानों को एक किश्त में राहत राशि जारी की थी। कांग्रेस एक ओर कन्नड भाषा की रक्षक होने करने का दावा करती है और दूसरी ओर कन्नड कार्यकताओं में जेल में डालती है

## राष्ट्रपति ने टंकारा में ज्ञान ज्योति तीर्थ का किया शिलान्यास

**मोरबी**
राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को मोरबी जिले के टंकारा में महर्षि दयानंद सरस्वती के 200वें जन्मोत्सव-स्मरणोत्सव कार्यक्रम में स्वामी दयानंद सरस्वती की स्मृति में साकार होने वाले ज्ञान ज्योति तीर्थ का शिलान्यास किया। गुजरात प्रांतीय आर्य प्रतिनिधि सभा की ओर से आयोजित इस समारोह में देश के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आर्य समाज के स्वयंसेवक और लोग उपस्थित रहे। तीन दिवसीय



स्मरणोत्सव के समापन अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि लोकमान्य तिलक, लाला हंसराज और लाला लाजपत राय जैसे महान क्रांतिकारियों पर स्वामी जी के आदर्शों का गहरा प्रभाव था। स्वामी जी और उनके असाधारण अनुयायियों ने देश के लोगों में एक नई चेतना और आत्मविश्वास का संचार किया था। काठियावाड़ की धरती की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि महर्षि दयानंद के बाद की महात्मा गांधी का जन्म हुआ था। स्वामी जी ने समाज सुधार का बीड़ा उठाया था और सत्यार्थ प्रकाश नामक अमर ग्रंथ की रचना की थी। वहीं, महात्मा गांधी जी ने भारतीय राजनीति में जन-जन को जोड़ने के साथ उसे आध्यात्मिक आधार भी दिया था एवं सत्य के प्रयोग नामक पुस्तक की रचना की थी।

## नंद किशोर यादव होंगे बिहार विधानसभा के अध्यक्ष

**पटना**
बिहार में एनडीए की सरकार के फ्लोर टेस्ट के बाद भाजपा विधायक नंद किशोर यादव बिहार विधानसभा के नए अध्यक्ष बनेंगे। विधायक नंद किशोर यादव मंगलवार को नामांकन करेंगे। नंद किशोर यादव भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं और बिहार सरकार में लंबे समय तक मंत्री रहे हैं। 1978 में पहली बार नंदकिशोर यादव पटना नगर निगम से पार्षद का चुनाव जीते और 1982 में पटना के उप महापौर चुने गए। साल 1983 में पटना महानगर अध्यक्ष और 1990 में भाजपा के युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए। साल 1995 में नंदकिशोर यादव पटना के पूर्वी क्षेत्र से विधानसभा का चुनाव लड़े और विधायक चुने गए। इसके बाद पटना साहिब विधानसभा सीट से नंदकिशोर यादव भाजपा के टिकट पर लंबे समय से विधायक रहे हैं। एनडीए की सरकार में वे कई विभागों के मंत्री के रूप में दायित्व संभाल चुके हैं।

## चार जातियों' को लेकर 400 का लक्ष्य हासिल करने में जुटी भाजपा

**नोएडा**
**अपने फैसलों से** सभी को चौंकाने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी लोकसभा चुनाव के लिए टिकट वितरण में भी आश्चर्यजनक निर्णय कर सकते हैं। सूत्रों की मानें तो इस बार पार्टी के कई सांसदों के टिकट कटना तय है। उनकी जगह किसान, गरीब, युवा और महिलाओं को चुनाव मैदान में उतारा जाएगा। भाजपा लोकसभा चुनाव में इन्हीं चार जातियों के साथ कदमताल कर 400 सीट जीतने का लक्ष्य हासिल में जुटी है। कुछ दिन पहले पीएम मोदी ने जातिवाद की राजनीति पर कड़ा प्रहार करते हुए जातियों की नई परिभाषा गढ़ी थी। गरीब, किसान, युवा और महिलाओं को चार जातियां बताया था।

**नए लोगों के राजनीति में आने का मार्ग खुलेगा**



भाजपा इन्हें अब लोकसभा में भेजने की रणनीति बनाने में जुटी है। इससे गांव और मोहल्लों में रहने वाले उन पढ़े-लिखे, प्रगतिशील और अपने काम के बल पर उपलब्धि प्राप्त करने वाले किसान, गरीब, युवा और महिलाओं का राजनीति में आने का मार्ग खुल जाएगा। अच्छी सोच रखने के बावजूद ये लोग संसाधनों के अभाव और राजनीतिक बैकग्राउंड के अभाव में आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। उन्हें प्रधानमंत्री मोदी के विजन से लोकसभा पहुंचकर देश के लिए कुछ अलग करने का मौका मिल सकता है।

**प्रगतिशील किसानों को मिल सकता है टिकट**
सूत्र तो यह भी दावा कर रहे हैं कि इस बार खास को टिकट मिलने के बजाय भाजपा के जिला, मंडल और बूथ स्तर पर काम करने वाले साधारण कार्यकर्ता को भी टिकट मिल सकता है।
जिन किसानों ने कृषि में नई सोच के साथ उन्नत खेती कर अपनी आमदनी बढ़ाई है, उन प्रगतिशील किसानों को भी भाजपा लोकसभा चुनाव का टिकट दे सकती है।

# ब्लाक करछना परिसर में बने भवन से कई पंचायतों के दस्तावेज एवं निर्वाचन की मतपेटियां चोरी

**चौकी दार की लापरवाही एवं ब्लाक परिसर में अंधेरा रहने का फायदा चोरों ने उठाया**

**विकास खंड करछना में विद्युत कनेक्शन नहीं है अंधेरे का फायदा उठाकर चोर रफूचक्कर**

अखंड भारत संदेश



**करछना।** प्रयागराज विकास खंड करछना के परिसर में बने आवासी कमरों में रखें पंचायत के जरूरी कागजात एवं कमरे में रखी निर्वाचन मत पेटिकाएं बड़ी संख्या में चोरी हो गई है 3 दिन की छुट्टी के बाद सोमवार को ब्लॉक खुलने पर सचिव राम सकल ने आवासीय परिषद में बने कार्यालय का ताला खोला तो देखा कि आफिस के पीछे का दरवाजा टूटा था आफिस में सन- 2022/23/24 तक के सभी आधा दर्जन गांवों की जिसमें बीरपुर, चंदौली, मड़वा,भडेवरा, भुंडा,रोकडी गांव के सभी दस्तावेज गायब हैं,दस्तावेज जिसमें हैंडपंप रिबोर फाइल एवं पर संपत्ति रजिस्टर इंटरलॉकिंग फाईले ,टेंडर कोटेशन टेंडर ,आवेदन आईजीआरएस फाइल जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र फाइल ,पंचायत भवन एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय की फाइलें समेत करीब एक दर्जन से अधिक गांव के रिकॉर्ड सब अज्ञात चोर पीछे से दरवाजा तोड़कर अंदर घुसकर सभी पंचायत के जरूरी कागजात उठा ले गए साथ ही परिसर के अंदर रखी सैकड़ो निर्वाचन की खली मत-पेटिकाएं सब गाड़ी से अज्ञात चोर लाद कर उठा ले गए सोमवार को जानकारी होने पर ब्लॉक में हड़कंप मच गया खंड विकास अधिकारी बबीता गुप्ता से इस संदर्भ में बात की गई तो उन्होंने कोई सही ढंग से उत्तर नहीं दिया ग्राम विकास अधिकारी राम सकल ने बताया कि उनके पास 6 गांव के दस्तावेज जो जरूरी थे पंचायत पर संपत्ति रजिस्टर सहित सभी जरूरी आवश्यक फाइलें अज्ञात चोर उठा ले गए जिसकी लिस्ट बनाकर संबंधित पुलिस स्टेशन करछना को दी है।

## निर्माणधीन मकान में पानी डालते समय करंट से मजदूर की मौत

**मऊआइमा।** निर्माणधीन मकान में पानी डालते समय मकान में उतरे करंट से मजदूर की मौत हो गई। मृतक के परिजनों को सूचना मिलने पर वह शव घर पर ला कर पुलिस को सूचना दिए पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम दांदूपुर निवासी रमेश चन्द्र 54 वर्ष पुत्र बसन्त लाल ग्राम सराय जोधराय उर्फ टोडरमल निवासी जंग बहादुर के यहां निर्माणधीन मकान में सोमवार को सुबह लगभग आठ बजे मकान पर पानी का छिड़काव कर रहा था ?।बतातें हैं कि मकान में नंगा बिजली के तार में करंट दौड रहा था।जिसकी चपेट में आने से रमेश चंद्र तडप कर मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजन शव सराय जोधराय से अपने गांव दांदूपुर लाए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है। मृतक की पत्नी अनीता देवी,दो पुत्रों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक की ?पत्नी अनीता देवी का आरोप था कि मकान मालिक ने हार्टअटैक से मौत की सूचना देकर गुमराह किया। इंस्पेक्टर मऊआइमा राघवेन्द्र सिंह का कहना है कि मृतक की पत्नी अनीता देवी ने करंट से मौत लिख कर दिया है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# सीएचसी मेजा के कोहडार उपकेंद्रों पर आयोजित हुआ सास बहू बेटा सम्मेलन

**मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए परिवार नियोजन है जरूरी - डॉ बबलू**



**मेजा।** परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता लाने के लिए सोमवार को सीएचसी मेजा अंतर्गत पीएचसी कोहड़ार केंद्र पर सास - बहू - बेटा सम्मेलन आयोजित किया गया।इस दौरान सीएचसी मेजा के अधीक्षक डा० बब्लू सोनकर ने बताया कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए परिवार नियोजन अपनाना जरूरी है। उन्होंने विवाह की सही उम्र तथा दो बच्चों के बीच का अंतर रखने, परिवार नियोजन के स्थाई एवं अस्थायी साधनों के बारे में चर्चा करते हुए महिलाओं के गर्भ धारण से लेकर शिशु जन्म तक के टीकाकरण एवं उसकी देखभाल के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर हरगड़, कोहड़ार और भटौती उपकेंद्र के सीएचओ, बीपीएम सुमन कुशवाहा, बीएएम सुजीत श्रीवास्तव , आशा सघनीय मीरा देवी, सुमन गुप्ता,निशा देवी सरस्वती, किरन सिंह, निर्मला ,कंचन विश्वकर्मा, शिमला पटेल, प्रमिला यादव,सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# ईडी का शाइन सिटी धोखाधड़ी के दो आरोपियों के घर छापा, नहीं मिले आरोपी

**प्रयागराज।** प्लॉट के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी के मामले में शाइन सिटी कंपनी के दो आरोपियों के घरों पर रविवार को प्रवर्तन निदेशालय लखनऊ की टीम ने छापा मारा। अफसरों ने शिवकुटी व करेली में स्थित दोनों के घरों पर पहुंचकर पूछताछ की। इनमें से एक के परिजनों को समन तामील कराया गया जबकि दूसरे के घर समन चस्पा कर टीम लौट गई।अल्लापुर निवासी रत्ना शर्मा ने आठ लाख की धोखाधड़ी के आरोप में शाइन सिटी कंपनी के शमशाद अंसारी व शाहिद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि प्लॉट के नाम पर रकम लेकर हड़प ली गई। शाइन सिटी धोखाधड़ी से जुड़े मामले में ईडी की लखनऊ इकाई की टीम भी जांच कर रही है। इसी क्रम में शिवकुटी के नया पुरवा निवासी शमशाम अंसारी व करेली निवासी शाहिद को नोटिस जारी कर बयान देने के लिए बुलाया गया था। सूत्रों का कहना है कि कई बार रिमाइंडर के बाद भी दोनों ने बयान दर्ज नहीं कराया।इसी के बाद ईडी की ओर से दोनों के खिलाफ समन जारी किया गया। ईडी लखनऊ की टीम ने समन लेकर रविवार दोपहर में शहर पहुंची और शिवकुटी व करेली में दोनों के घरों पर छापा मारा। शिवकुटी में शमशाद के घर पर महिलाएं मिलीं जिन्होंने उसके बारे में पूछने पर बताया कि वह घर पर नहीं है। वह कहां है, इस बारे में भी महिलाएं कोई जानकारी नहीं दे सकी।इसके बाद समन तामील कराकर ईडी के अफसर करेली में शाहिद के घर पहुंची लेकिन वहां ताला लगा मिला। इस पर समन उसके घर पर चस्पा कर टीम लौट गई। हालांकि यह कार्रवाई बेहद गोपनीय रही और स्थानीय पुलिस को भी सूचना नहीं दी गई। करेली इंस्पेक्टर अमरनाथ राय ने बताया कि उन्हें इस संबंध में कोई सूचना नहीं मिली है। उधर शिवकुटी पुलिस ने भी ऐसी ही बात बताई।

# विधानसभा मेजा के रामनगर हुल्का ग्राम में पीडीए जनपंचायत का आयोजन किया गया

**सिरसा प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी यमुनापार के मेजा विधानसभा के रामनगर के हुल्का ग्राम मे पीडीए जन पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत की मुख्य अतिथि मीना भारती रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अति विशिष्ट अतिथि के रूप में यमुना पार जिला अध्यक्ष आदरणीय पप्पू लाल निषाद ने कहा कि पासी समाज का हित समाजवादी पार्टी में ही है, इतिहास गवाह रहा है कि राजा बिजली पासी तथा विरांगना उदा देवी अंग्रेजों से लड़कर अपने को शहीद कर दिया था। भाजपा सरकार में संविधान मे जो आरक्षण की व्यवस्था दी गई थी, यह सरकार चुनाव बाद समाप्त कर देगी। यदि आपने नहीं चेता तो आपका मताधिकार भी छिन जाएगा। विशिष्ट अतिथि इंजीनियर जगदीश सिंह यादव ने उपस्थित महिलाओं को समझाते हुए कहा कि इस तानाशाही सरकार में 500 रुपये किलो लहसुन तथा दैनिक उपयोग की समस्त वस्तुएं तथा गैस का दाम तीन गुना करके इतिहास कायम कर दिया है । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महिला सभा की मेजा विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती श्यामा देवी पटेल तथा विधानसभा महासचिव पूजा भारती, जिला




उपाध्यक्ष अजीत सिंह, जिला सचिव मानसिंह पटेल तथा विधानसभा अध्यक्ष करछना ननकेश बाबू के अतिरिक्त मेजा विधानसभा अध्यक्ष विजय राज यादव, अशोक भारती ब्लॉक अध्यक्ष चाका ने भाजपा सरकार से सावधान करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री अन्य पिछड़ा वर्ग का तथाकथित ढोंग रच कर सदन में आरक्षण समाप्ति की घोषणा कर दलित, पिछड़ों तथा अल्पसंख्यकों को आरक्षण देने से विकास नहीं, विनाश होगा, जो चिंतनीय है। कार्यक्रम का कुशल संचालन महिला सभा के जिला महासचिव गीता भारती तथा कार्यक्रम के संयोजक राममिलन भारतीय सहित भारी संख्या में महिलाएं एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मोदी सरकार में मातृशक्ति का सम्मान शिखर पर है : प्रशांत सिंह पूर्व विधायक

**प्रतापपुर।** भारतीय जनता पार्टी गंगापार द्वारा प्रतापपुर विकास खंड में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि हंडिया के पूर्व विधायक प्रशांत सिंह राहुल ने उक्त कार्यक्रम में मातृशक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि दस वर्षों में मोदी जी की सरकार में मातृशक्ति का सम्मान शिखर पर है, केंद्र सरकार ने माताओं बहनों के सम्मान के लिए एक तरफ उज्जवला के वितरण करके उनके आंख की रोशनी को बचाया तो दूसरी तरफ शौचालय बनवाकर उनके सम्मान की रक्षा किया। महिला आरक्षण बिल एवं तीन तलाक का बिल पारित कराकर अभूतपूर्व कार्य किया, आज पूरा देश विकास के पथ पर अग्रसर है भारत वर्ष विश्व के मानचित्र पर विश्व गुरु के रूप में प्रतिष्ठित हो रहा है, धारा 370, 35 ए की समाप्ति एवं राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त कराकर एक



उल्लेखनीय एवं अभूतपूर्व कार्य किया, आज आवश्यकता है मोदी जी को उनके कार्यों के लिए उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाकर अपने दायित्वों का उचित निर्वहन करें। कार्यक्रम का संचालन मंडल प्रभारी मनोज सिंह आचार्य ने किया, अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख प्रतापपुर शैलेश यादव ने किया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष सभाजीत मिश्र, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष दीपिका सिंह व अनीता सिंह, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नवीन पटेल, विधानसभा संयोजक ईश्वर चंद्र बिंद, राजकुमार पटेल, पुष्पराज सिंह, समरजीत मौर्य, अशफाक कुरैशी सहित तमाम आंगनवाड़ी, स्वयं सहायता समूह, आशा बहन सहित तमाम मातृ शक्ति उपस्थित रहे।

## दुराचारी को कोराव पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोराव थाना प्रभारी ने शुरू की अभियुक्तों के खिलाफ कार्यवाही**

**कोराव।** थाना प्रभारी कोरांव राकेश भारती ने ब्लातकारी को बड़ोखर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना कोरांव में दर्ज क्राइम नंबर 447/2023 धारा 376, आईपीसी,तथा पॉस्को एक्ट के वांछित अभियुक्त मनीष सिंह उर्फ माला सिंह पुत्र अखंड प्रताप सिंह ग्राम बड़ोखर थाना कोराव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तारी में कोतवाल कोरांव राकेश कुमार भारती सहित एस आई अश्वनी कुमार,सिपाही रवि कुमार रूप सिंह,सत्यप्रकाश, एवं सिपाही वीरेंद्र विक्रम सिंह शामिल रहे।

# अनुकंपा नियुक्ति के आवेदन को खारिज करने का बीएसए का आदेश रद्द

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में गोरखपुर निवासी कुमारी निशा ने बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) की ओर से अनुकंपा नियुक्ति के आवेदन को खारिज करने के आदेश के विरुद्ध याचिका दायर की। हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए बीएसए के आदेश का निरस्त कर दिया। साथ ही याचिकाकर्ता के मामले में नए सिरे से विचार करने और दो महीने के भीतर नया आदेश पारित करने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला ने याचिका की सुनवाई की। याची के पिता बेलाघाट ब्लाक के एक प्राथमिक विद्यालय में हेड मास्टर के रूप में कार्यरत थे और उनकी मृत्यु हो गई। याची दिव्यांग है और वह पूरी तरह से अपने पिता पर निर्भर है। याची के बड़े भाई पीएसी में कार्यरत हैं और वह अपने परिवार सहित जौनपुर में रहते हैं। उन्होंने शपथपत्र देकर कहा कि याची को अनुकंपा नियुक्ति मिलती है तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकाकरी ने "मृतक का बड़ा बेटा पीएसी में कार्यरत है। इसलिए कोई वित्तीय संकट नहीं है।" को आधार बनाते हुए अनुकंपा नियुक्ति के आवेदन को खारिज कर दिया। याची ने बीएसए के आदेश के विरुद्ध हाईकोर्ट में याचिका दायर की। न्यायमूर्ति ने बीएसए के आदेश को रद्द कर दिया।

# औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने 36 घंटे में चोरी की घटना का किया खुलासा

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी औद्योगिक क्षेत्र पुलिस द्वारा चोरी के अभियोग से संबंधित दो अभियुक्तों को 36 घण्टे के अंदर गिरफ्तार उनके कब्जे से चोरी के दो जोड़ी बिछिया एक लाकेट व नकद बरामद किया गया। थाना औद्योगिक क्षेत्र में स्थित चकपूरे खुर्द मिया का पूरा निवासी नारायण गिरि के घर शनिवार देर रात घुसे बदमाशों ने असलहों के बल पर घर में रखे नगदी और जेवर उठा ले गए थे। वारदात के दौरान नारायण और उनकी पत्नी की नींद भी खुल गई थी। मामले में भुक्तभोगी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में पुलिस ने उसके गांव के ही लाला पटेल उर्फ शिवम पटेल पुत्र लाल प्रताप एवं रोहन बिन्द पुत्र अभयराज बिन्द को थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने सोमवार को 36 घण्टे के अंदर भरौहा रेलवे पुलिया के पास थाना क्षेत्र औद्योगिक क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।

अभियुक्त लाला पटेल उर्फ शिवम पटेल उपरोक्त के कब्जे से चोरी किये गये 1950 रुपए नकद व अभियुक्त रोहन बिन्द उपरोक्त के कब्जे से चोरी किये गये 2000 रुपए नकद तथा अभियुक्तो की निशादेही पर ग्राम मिया का पुरा स्थित तालाब के पास बने टीन शेड खण्डहर से चोरी किये गये दो जोड़ी बिछिया एक लाकेट बरामद किया गया।

# कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए यमुनापार कार्यकताओं ने भरी हुंकार

**करछना।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गाँधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने के लिए यमुनापार कांग्रेस के पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार के पूर्व मंत्री राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी ने कहा कि हम सब के नेता राहुल गाँधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा में विशाल जनसमुदाय उमड़ रहा है जिधर से भी न्याय यात्रा चल रही है तिल धरने को जगह नहीं मिल रही है जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है प्रयागराज यमुनापार कांग्रेस जिला अध्यक्ष अरूण तिवारी जी ने कहा कि यमुनापार कांग्रेस के समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता 16 फरवरी को यहाँ से चलकर



नौबतपुर में अपने नेता का स्वागत कर वही से यात्रा में सामिल होंगे यमुना पार अध्यक्ष ने कहा कि आज हम सब आजादी की दूसरी लड़ाई लड़ रहे हैं देश हित में संविधान की रक्षा के लिए देश की खुशहाली के लिए सबको आगे आना होगा बैठक का संचालन पद्रेश कांग्रेस कार्यकारणी सदस्य डॉ दिनेश कुमार सोनी ने किया बैठक को सम्बोधित करने वालों में सर्व श्री योगेन्द्र मिश्र पदभार प्रदेश महासचिव मकसूद प्रदेश उपाध्यक्ष इमरान खान प्रभारी सचिव सुधाकर तिवारी जी वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनीष मिश्र प्रदेश उपाध्यक्ष शरद मिश्र मयंक मिश्र शिवराम सिंह आशा राम मिश्र आनन्द शुक्ल बब्लू राम छविले मिश्र त्रिपुरी कान्त मिश्र विनय कृष्ण पाण्डेय नागेश पाण्डेय जिला सचिव दीपक तिवारी राम अनुग्रह मिश्र डा शीतला प्रसाद नीरज नेता रजनीश विश्राम दाश गजेंद्र तिवारी देवेन्द्र कुमार बब्लू द्विवेदी सुरेश कुमार पटेल रविराज सिंह श्याम बाबू पूर्व प्रधान अनिल पाण्डेय शिव लाल ओम प्रकाश आदि रहे।

## न्यूज झरोखा

### सहसों में गांव चलो अभियान का हुआ कार्यक्रम



**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी मंडल सहसों के 18 शक्तिकेंद्रो पर गांव चलो अभियान चलाया गया। ग्राम सभा तारडीह में गांव चलो अभियान में प्रवास करते हुए सहसों मंडल के महामंत्री पवन कुमार शुक्ला ने बताया कि शक्ति वंदन योजना के माध्यम से गांव में स्वयं सहायता समूह और महिलाओं के जीवन स्तर में काफी सुधार आया है। साथ-साथ शक्ति बंदन योजना का पत्रक भी वितरित किया गया। जिसमें सरकार के द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया विशेष रूप से विश्वकर्म योजना और महिला सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में भी बताया गया। जैसे महिलाओं का आर्थिक उन्नयन मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, महिला सम्मान बचत पत्र योजना, ग्रामीण आजीविका मिशन, महिला समृद्धि योजना, कन्या सुमंगला योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सम्मान योजना जैसी आदि योजनाएं चलाई जा रही हैं। इस मौके पर संजय तिवारी, राकेश कुमार शुक्ला, सूर्यमणि पांडे, लालजी बिंद, धर्मेंद्र रावत, आदित्य द्विवेदी एवम आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विधालय में हुई हजारों की चोरी में आधा दर्जन अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** विगत दिनों मऊआइमा के एक महा विद्यालय में हजारों की चोरी के मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बागी कटरादयाराम में स्थित समदरिया बालिका महा विद्यालय में विगत दिनों हजारों की चोरी हो गई थी। विद्यालय के प्रबंधक आशीष दूबे ने मऊआइमा थाने में अज्ञात आधा दर्जन चोरों पर कम्प्यूटर, इन्वाइटर बैटरी सहित पन्द्रह हजार रूपया नगदी चोरी कर ले जाने का मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर चोरों का पता लगाने में जुटी हुई है।

### पुरानी रंजिश को लेकर महिलाओं को मारा पीटा गया चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** पुरानी रंजिश को लेकर पडोसी मां बेटी और उसकी चाची को मार पीट कर लहुलुहान कर दिए। पुलिस चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर ली है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम छिकत का पूरा गदियानी निवासनीय कुसुम कुमारी पुत्री जनार्दन प्रसाद का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर पडोसी उसे और उसकी माता सीता देवी और चाची रिंकी देवी को मार पीट कर लहुलुहान कर दिए और जान से मारने की धमकी भी दिए। पुलिस ने कुसुम कुमारी की तहरीर पर जीत लाल,अजय कुमार,बनवारी लाल, तुलसीराम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सभी घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर करवा रही है।

### गांधी भवन सहसों पर मनाया गया गांधी स्मृति दिवस

**सहसों।** कस्तूरबा गांधी स्मृति सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में गांधी भवन सहसों पर कार्यक्रम आयोजित कर गांधी स्मृति दिवस पर महात्मा गांधी जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते लोगों ने नमन एवं याद किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ट्रस्ट के प्रबंधक अशोक कुमार गुप्ता ने आयोजित गरीब, असहाय निर्धन एवं जरूरतमंदों को अन्नदान भंडारे में लोगों की सेवा करते हुए अपने संबोधन में कहा कि गांधी जी का अस्थि कलश आज के ही दिन प्रयागराज के संगम में विसर्जन किया गया था और गांधी स्मृति वाहन भी निकाला जाता है। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर भीम सिंह ने किया। इस मौके पर कार्यक्रम को डॉक्टर संदीप गुप्ता, डॉक्टर अमित, डॉक्टर धर्मराज यादव, अजय कुमार गुप्ता, डॉक्टर राम सिंह, डॉक्टर संतोष, डॉक्टर राजेंद्र सिंह, संजीव साहू , एमपी मौर्य, लल्लू गुप्ता, डॉक्टर शहजाद आदि लोगों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित रहे।

### रेलवे ओवरब्रिज में हो गया गड्ढा,दिखने लगी सरिया

**कौशाम्बी** जिले में सिराथू के सयारा रेलवे ओवरब्रिज पर बड़ा गड्ढा होने से हड़कंप मच गया,एक साल पहले ही इस रेलवे ओवरब्रिज का उद्घाटन यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने किया था उद्घाटन के बाद से ही इस रेलवे ओवरब्रिज में मानक की अनदेखी की शिकायत होने लगी थी,रविवार को इस ओवरब्रिज में बड़ा गड्ढा दिखाई पड़ा तो मानकों की गड़बड़ी सामने आ गई,गड्ढा होने के बाद ओवरब्रिज में लगाई गई सरिया तक दिखाई पड़ने लगी।

### महेवाघाट में यमुना नदी से पोकलैंड मशीन लगाकर किया जा रहा बालू का अवैध खनन

**कौशाम्बी** जिले के महेवाघाट में यमुना नदी से पोकलैंड मशीन लगाकर बालू का अवैध खनन जारी है,प्रशासन की मिलीभगत से यमुना नदी के अंदर से पोकलैंड मशीन लगाकर खनन किया जा रहा है लेकिन प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है ।जिले के अधिकारी खनन रोकने में नाकाम है और बालू माफिया महेवाघाट बालू घाट मे खंड के बाहर धड़ल्ले से खनन कर रहे है, वही रात के अंधेरे में ओवरलोड गाड़िया भरी जाती है और थाने के सामने से होकर गुजरती है लेकिन कार्यवाई सिफर होती है महेवाघाट यमुना नदी से पोकलैंड मशीन से बालू के खनन का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है लेकिन प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है।

# संगम तीरे कथावाचक प्रदीप मिश्रा ने सुनाई शिव कथा

**कहा- हर डिग्री से बड़ी होती है नम्रता की डिग्री, जो भगवान शिव के पास थी**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जाने माने कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्र ने आज सोमवार को प्रयागराज के माघ मेले में शिव कथा सुनाई। दो दिवसीय कथा के पहले दिन उनकी कथा सुनने के लिए लाखों की संख्या में शिवभक्त सतुआ बाबा के शिविर में पहुंच गए थे। यहां पंडित प्रदीप मिश्र ने शिव कथा के दौरान लोगों से सवाल जवाब भी किए।उन्होंने कहा, कि व्यक्ति कठिन परिश्रम के दम पर बड़ी से बड़ी डिग्री हासिल कर सकता है। अपनी मेहनत और काबिलियत के दम पर वह व्यक्ति डॉक्टर, इंजीनियर, सीए व अन्य बड़े ओहदों पर पहुंच सकता है। लेकिन हर डिग्री से बड़ी एक और डिग्री होती है जो है नम्रता की डिग्री। यदि नम्रता की डिग्री नहीं है तो सभी डिग्री बेकार हैं।उन्होंने नम्रता की डिग्री देवों के देव महादेव के पास है।





**शिवजी ने तो मुस्कुराते हुए पी ली थी जहर**

पंडित प्रदीप मिश्र ने कहा कि ब्रह्मा जी ब्रह्मलोक में रहते हैं, विष्णु जी बैकुंठलोक में व इंद्रजी इंद्रलोक में रहते हैं लेकिन देवों के देव महादेव भगवान शिव तो कैलाश पर्वत पर रहते हैं। सबसे बड़े ओहदे पर बैठे शिवजी तो बिल्कुल सरल और सहज स्वाभाव के हैं। उन्होंने कहा कि देवताओं ने मंथन किया, मंथन में जो अमृत मिला उसे खुद रख लिया लेकिन जो विष मिला उसे भगवान शिव को भेज दिया। भगवान शिव इससे नाराज नहीं हुए बल्कि मुस्कुराते हुए उसे पी लिए। क्योंकि उन्हें पता है कि वह बड़े हैं और परिवार का बड़ा यानी मुखिया तो परिवार के लिए सबकुछ कर सकता है।कथा वाचक प्रदीप मिश्र ने श्रोताओं से अपील करते हुए कहा कि भगवान शिव की तरह विनम्र बनें। उनकी कथा से पूरा माहौल शिवमय हो गया। उनकी कथा कल मंगलवार को भी दोपहर एक बजे से शाम चार बजे तक आयोजित चलेगी।

## दानापुर पुणे एक्सप्रेस में यात्रियों से लूट

**इरादतगंज व जसरा के बीच में जनरल बोगी में चढ़े थे बदमाश**

**प्रयागराज।** दानापुर-पुणे एक्सप्रेस में आज सोमवार को लूटपाट की घटना सामने आई है। यह घटना इरादतगंज व जसरा के बीच हुई। जहां ट्रेन की जनरल बोगी में चार-पांच अराजक युवक घुस गए थे और करीब एक दर्जन यात्रियों से उनके सामान आदि लूट लिए। इसके बाद शंकरगढ़ रेलवे स्टेशनों के पहले चेन पुलिंग कर बदमाश ट्रेन से उतरकर भागने में सफल रहे।सोमवार सुबह 5:10 पर छिवकी स्टेशन से यह ट्रेन आगे के लिए रवाना हुई थी। लिंक जंक्शन के पास गाड़ी धीमी होने पर जनरल बोगी में चार युवक चढ़ गए। ट्रेन जैसे ही गाड़ी इरादतगंज से जसरा के बीच पहुंची बदमाशों ने यात्रियों के साथ मारपीट करते उनसे लूटपाट शुरू कर दी।

**यात्री बोले, सांप दिखाकर डराया, फिर लूट :** भुक्तभोगी यात्रियों ने बताया कि बदमाश मारपीट करने के साथ ही यात्रियों को सांप दिखाकर उनके साथ लूटपाट कर रहे थे। यात्रियों ने इसकी सूचना रेलवे हेल्पलाइन नंबर पर दी। जनरल बोगी में यात्रा कर रहे शाहिद निवासी गाजीपुर ने बताया की युवक अपने पास सांप लिए हुए थे, और लोगों को सांप दिखाकर मारना पीटना शुरू कर दिया। इस तरह जौनपुर के रहने वाले आनंद कुमार पुत्र गुलाब समेत अन्य लोगों के साथ भी लूट की घटना हुई है। आरपीएफ इंस्पेक्टर छिवकी ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। जांच पड़ताल की जा रही है।

## बीमा कंपनी आफिस व पार्लर में लाखों की चोरी

**झूंसी।** थाना क्षेत्र में चोरो ने रविवार की रात न्याय नगर स्थित एक बीमा कंपनी के आफिस व उसी के नीचे स्थित लेडीज ब्यूटी पार्लर का ताला तोड़ सामान नगदी समेट कर फरार हो गये। सुबह घटना की जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दी गई। सुशील कुमार कुशवाहा ने बताया कि वह न्याय नगर में बीमा कंपनी का एक ऑफिस खोल रखा है। उसी के नीचे प्रतिभा कुशवाहा नेचर्स ब्यूटी सैलून चलती है। रविवार की शाम दोनों ताला बंद कर घर चले गए सोमवार सुबह आने पर देखा तो ऑफिस और सैलून का ताला टूटा था और अंदर सारा सामान बिखरा था बीमा ऑफिस से पचास हजार रुपये व सैलून से हजारो का सामान व 30 हजार रुपये गायब थे। पीड़ित ने मामले की लिखित शिकायत झूंसी पुलिस की मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। वहीं लगातार हो रही चोरियों से लोगों में भय और पुलिस के प्रति आक्रोश है।

## कार्यरत आश्रित कर्मियों की मांग पर प्रमुख सचिव नियुक्ति ने दिए निर्देश



प्रमुख सचिव नियुक्त एवं कार्मिक को मांग पत्र देते आश्रित कल्याण समिति का प्रतिनिधि मंडल।

**लालगोपालगंज।** बेसिक शिक्षा परिषद विभाग में कार्यरत आश्रित कर्मियों की मांग एवं समस्याओं के समाधान हेतु राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के नेतृत्व में आश्रित कल्याण समिति के प्रदेश पदाधिकारियों की प्रमुख सचिव नियुक्त एवं कार्मिक के साथ बैठक हुई। जिसमें उन्होने समस्या के समाधान हेतु आवश्यक कार्यवाही के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिसकी कार्यवृत्ति जारी की जा चुकी है। संगठन के प्रतिनिधि मंडल में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री आरके निगम, आश्रित कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष प्रभात कुमार एवं प्रदेश सचिव विनय त्रिपाठी शामिल रहे।

## मेजा ऊर्जा निगम के प्रशिक्षुओं को डॉ रीता जोशी ने बांटा रोजगार पत्र

**कहा - निगम सामाजिक दायित्वों के प्रति है पूरी तरह समर्पित**

**नैगम सामाजिक दायित्व के तहत संचालित योजनाएं हो रही हैं कामयाब :अजीत बसक**




**मेजा।** सोमवार को प्रयागराज की सांसद प्रो. डॉ रीता बहुगुणा जोशी ने मेजा ऊर्जा निगम द्वारा प्रायोजित सीपेट ट्रेनिंग प्रोग्राम के अंतर्गत रोजगार प्राप्त करने वाले प्रशिक्षुओं को रोजगार पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि मेजा ऊर्जा निगम ने पिछले नवंबर में अपने नैगम सामाजिक दायित्व प्रयासों के अंतर्गत पहली बार सीपेट के साथ मिलकर तीन महीने का ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया था। जिसके अंतरगत परियोजना प्रभावित क्षेत्रों से बच्चों को चुनकर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के उपरांत उनको रोजगार के अवसर प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान, सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने इस पहल की तारीफ की और कहा मेजा ऊर्जा निगम अपने सामाजिक दायित्वों के प्रति पूरी तरह से समर्पित है। यह प्रोग्राम इस बात का साक्षी है कि आगे आने वाले समय में भी अपने आस-पास के युवा पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। उन्होने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए यह भी कहा की वह लगन से अपनी नौकरी करें और आगे बढ़ते रहें जिससे उनके परिवार के साथ साथ मेजा ऊर्जा निगम का नाम भी रोशन होगा। कार्यक्रम के दौरान, सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने मेजा ऊर्जा निगम के कई सीएसआर गतिविधियों का उद्घाटन एवं लोकार्पण भी किया। सभी कार्यों की कुल लागत एक करोड़ से अधिक है। कोहड़ार मई कला रोड, मई खुर्द कोहड़ार गौशाला की आधारशिला भी रखी गई। इसके साथ ही सांसद महोदया ने श्रीमती धनराजी देवी महिला डिग्री कॉलेज कोरांव को रूफटॉप सोलर डेस्क एवं बेंच का लोकार्पण किया। इसके साथ ही राजभाषा हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए सरकारी प्रार्थमिक विद्यालय में लाइब्रेरी हेतु पुस्तकों का लोकार्पण भी किया। मेजा ऊर्जा निगम के सीईओ श्री सुनील कुमार की अनुपस्थिति में अजीत बसक महाप्रबंधक (प्रचालन) ने बच्चों को शुभकामनाएँ दी और कहा यह हमारे लिए बहुत ही हर्ष का विषय है हम अपनी नैगम सामाजिक दायित्व के तहत चल रही योजनाओं को कामयाब होते हुए देख रहें है। इसके साथ ही, माननीय सांसद के समर्थन के लिए मानव संसाधन विभाग के प्रमुख अखिल के.पी. पट्टनायक ने धन्यवाद अर्पित किया और कहा हम आस-पास के समुदायों के विकास के प्रति प्रतिबद्ध हैं हमारे प्रयास केंद्र सरकार के प्रयासों के साथ संरेखित करते हैं और आगे भी यही कोशिश रहेगी की सबका साथ सबका विकास के भावना के साथ हम अपने प्रयासों को आगे बढ़ाएँ।

## न्यूज झरोखा

### अज्ञात वाहन की टक्कर से ऑटो पलटी, एक की मौत तीन घायल



**झूंसी।** फूलपुर अंदाव मार्ग पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से ऑटो पलट गई। जिसमें सवार एक वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। हादशे की वजह से मौके पर अफरा तफरी का माहौल उतपन्न हो गए। आनन फानन में सभी घायलों को बाहर निकाल पास के अस्पताल में भर्ती कराया। वही पुलिस ने वृद्ध के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। फूलपुर से सवारी लेकर शहर आ रही ऑटो में झूंसी के दुर्जनपुर गांव के सामने पहुची तभी पीछे से आये अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो पलट गई। मौके पर मे चीख पुकार मच गई। रोड़ पर लोगो की भारी भीड़ जमा हो गई जिससे वाहनों के पहिये रुक गए। ऑटो में सवार फूलपुर निवासी तिलक बहादुर 60 की मौके पर ही मौत वही फूलपुर के ही मो. साबिर, निर्मला देवी, शिवम को चोट आई। ऑटो चालक फरार बताया जा रहा है। सूचना पहुची पुलिस ने वृद्ध तिलक धारी के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज आवागमन सुचारू कराया।

### बारात स्थल से 500 मीटर की दूरी पर हादसा



**नैनी।** के चक रघुनाथपुर निवासी राममूर्ति पांडेय के बेटे राजनरायन पांडेय की आज शादी थी। बारात नैनी से सिविल लाइंस स्थित होटल ट्यूलिप में आ रही थी। सभी बाराती लोक सेवा आयोग के पास जुटे थे और यहीं से बारात पैदल ही गाजे-बाजे के साथ होटल के लिए रवाना होने वाली थी। दूल्हे की गाड़ी लोक सेवा आयोग के गेट पर खड़ी थी जिसमें आगे दूल्हा बैठा था और पीछे वाली सीट पर कुछ महिलाएं भी थीं। इसी बीच सिविल लाइंस की तरफ से आ रही बस ने जोरदार टक्कर मार दी। अफरा तफरी जैसी स्थिति बन गई। प्रत्यक्षदर्शी बताते हैं कि बस चालक बस बहुत तेजी गति से चला रहा था। घटना के बाद वह बस छोड़कर भाग गया।

### चक रघुनाथ में सरकार द्वारा योजनाओं के बारे में समझाया गया



**नैनी।** नैनी के चक्र रघुनाथ में गांव चलो अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में वार्ड नंबर 20 चक रघुनाथ हनुमान नगर में बूथ संख्या 242 में नमो ऐप्प एवं सरल ऐप्प डाउनलोड करवाया एवं सरकार द्वारा लागू समस्त योजनाओं के बारे में लोगो के घर घर जा कर संपर्क कर के समझाया वरिष्ठ विचार परिवार कार्यकर्ता से संपर्क किया जिसमें मुख्य रूप से पार्षद राकेश जयसवाल जय किशन तिवारी धर्मराज पटेल हाशिम खान मोनू जायसवाल गुड्डु गुड्डू गैरेज घनश्याम जायसवाल विनोद जायसवाल उमा देवी भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मेला में ठेकेदार ने मजदूर को पीटा


**झूंसी।** माघ मेला के संगम लोअर मार्ग सेक्टर चार में सड़क पर पानी का छिड़काव कर मजदूरों को एक ठेकेदार ने जमकर पीटा। पीड़ित के तहरीर पर पुलिस ने ठेकेदार उसके साथियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। रमईपुर तारडीह निवासी त्रिभुवन व रमाशंकर माघ मेला जल निगम में मजदूर है। सोमवार को सेक्टर 4 में दोनों सड़क पर पानी का छिड़काव कर रहे थे वहां से गुजर रहे पीडब्ल्यूडी के एक ठेकेदार पर पानी पड़ गया जिससे वह बिफर पड़ा और मजदूरों को गालियां देने लगा मजदूरों ने ठेकेदार का विरोध किया तो ठेकेदार ने अपने कुछ साथियों को बुलाकर दोनों को जमकर पीटा। पीड़ित ने मामले की लिखित शिकायत झूंसी पुलिस से की। पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों का मेडिकल कराया।

### जनपद न्यायालय परिसर में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए दुकानों की नीलामी 23 फरवरी को

**प्रयागराज।** डॉ0 दिनेश चन्द्र शुक्ल, अध्यक्ष नीलामी समिति/विशेष न्यायाधीश एम0पी0/एम0एल0ए0 प्रयागराज ने बताया है कि जनपद न्यायालय परिसर में अवस्थित चाय/मिठाई की दुकान, फल, जूस की दुकान एवं फोटो स्टेट की दुकानों की नीलामी वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए दिनांक 23.02.2024 को अपरान्ह 04:30 बजे 24 न्याय भवन में प्रथम तल पर अवस्थित विशेष न्यायाधीश एम0पी0/एम0एल0ए0 के न्याय कक्ष में होगी। उन्होंने बताया है कि इच्छुक व्यक्ति कार्यालय समय में केन्द्रीय नजारत से दुकान नीलामी विवरण एवं नीलामी शर्ते प्राप्त कर सकते है।

## रात में लगी रहती है पुलिस अवैध वसूली में

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** सरकार के द्वारा जहां लोगों को बेहतर कानून व्यवस्था व अपराध मुक्त समाज के साथ-साथ अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए व मुश्किल में फंसे लोगों को तत्काल पुलिस सहायता दिलाने के उद्देश्य से जहां 112 नंबर डायल पुलिस की व्यवस्था कराई गई। लेकिन आज वही 112 नंबर की पीआरबी वाहनों में चलने वाले सिपाही वाहनों से अवैध वसूली करते हुए आए दिन देखे जा रहे हैं। डायल 112 में तैनात सिपाही जहां वाहनों की चेकिंग, हेलमेट चेकिंग, वाहन चालक के द्वारा सीट बेल्ट बांधा गया है या नहीं यह भी दिन वह रात मे चेकिंग करते हुए देख रहे हैं और पुलिसिया रौब दिखाकर लोगों से धन उगाही भी कर रहे हैं। कुछ इसी तरह से जहां शंकरगढ़, बारा ,लालपुर, घूरपुर, कौंधियारा, खीरी, करछना,औद्योगिक नगर, नैनी, मांड़ा ,मेजा व कोरांव थाना क्षेत्र में चलने वाली 112 नंबर की पीआरबी में चलने वाले सिपाही जहां आए दिन रात में सड़कों पर खड़े होकर के ट्रकों से अवैध वसूली करते हुए देखे जा सकते हैं। वही पीआरबी के सिपाहियों के द्वारा की जाने वाली वसूली के कारण थाने के सिपाही व थाना प्रभारी सिपाहियों से वसूली कराने के नाम पर बदनाम हो रहे हैं। जबकि इसी तरह से शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में चलने वाली पीआरबी 142 में तैनात सिपाही अंतर्राज्यीय सीमा से गुजरने वाले ट्रकों व अन्य वाहनों से रात में जमकर ट्रक चालकों से अवैध वसूली करते हैं। तो वहीं इसी तरह से कौंधियारा थाना क्षेत्र में चलने वाली पीआरबी 123 के सिपाही भी अवैध वसूली में लिप्त रहतें है। जबकि कई बार वाहन चालकों के साथ-साथ स्थानीय लोगों के द्वारा भी पीआरबी 142 में चलने वाले सिपाहियों के द्वारा की जाने वाली अवैध वसूली की शिकायत थाना प्रभारी व अन्य अधिकारियों से भी की गई। लेकिन उसके बावजूद भी पीआरबी के सिपाही अवैध वसूली करने में निरंतर लगे हुए हैं। जबकि पीआरबी में चलने वाले एक सिपाही ने बड़े रौब में यह भी कहा गया कि उनका थाना प्रभारी से कोई लेना-देना नहीं है। उनको दिशा निर्देश सीधे लखनऊ कंट्रोल रूम से मिलता है और उसी दिशा निर्देश पर वह यह कार्य कर रहे हैं। अब सोचने वाली बात है कि आखिर 112 नंबर डायल पीआरबी में चलने वाले सिपाहियों को वाहनों की चेकिंग व अवैध वसूली का अधिकार किसने दिया है।

## इंटर के छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई




**झूंसी।** स्थित सरोज विद्याशंकर इंटर कॉलेज में इंटर के विद्यार्थियों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जूनियर छात्र-छात्राओं ने उनके स्वागत में सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति कर भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय के प्रबंधक डॉ. दुर्गा प्रसाद मणि त्रिपाठी, सह प्रबंधक डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी, प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी, उप प्रधानाचार्य राम सिंह यादव ने दीप प्रज्वलन और भगवान गणेश और मां सरस्वती की प्रतिमा माल्यार्पण कर सभी छात्र छात्राओं को आशीर्वाद, शुभकामनाए देते हुए सफलता के टिप्स दिए। प्रबन्धक दुर्गा प्रसाद मणि त्रिपाठी ने कहा कि विदाई मार्मिक संवेदनाओं का महत्व होता है। विद्यालय के संस्कार आपके जीवन को सदैव प्रफुल्लित पल्लवित करते रहेंगे।

## केन्द्रीय मंत्री द्वारा 528 चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र किया गया वितरित

**भारतीय रेल सामान्य परिवार की पहली पसंद : मुख्य अतिथि डॉ महेन्द्र नाथ पाण्डेय**

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** केन्द्रीय मंत्री ने नव नियुक्त उम्मीदवारों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें राष्ट्र के प्रति सत्यनिष्ठा, सेवा एवं समर्पण की भावना के साथ अपने नये दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प लेने को कहा। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को केन्द्रीय सशस्त्र बलों व अन्य केन्द्रीय विभागों में विभिन्न पदों पर नियुक्त हेतु 01 लाख से अधिक सफल उम्मीदवारों को नियुक्ति-पत्र वीडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से देश के प्रमुख स्थानों पर रोजगार मेला का आयोजन कर नियुक्ति पत्र सौंपा।

इसी क्रम में ग्रुप केन्द्र केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में भी 12वें रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेला में मुख्य अतिथि डॉ० महेन्द्र नाथ पाण्डेय केन्द्रीय मंत्री, भारी उद्योग, भारत सरकार बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । मुख्य अतिथि द्वारा केन्द्रीय सशस्त्र बलों के 528 चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति-पत्र प्रदान किया गया। जिसमें केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, दिल्ली पुलिस, सीमा सुरक्षा बल, जनजातीय कार्य मंत्रालय, सशस्त्र सीमा बल, केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल के अभ्यर्थी शामिल थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में कहा कि मुझे तीसरी बार यहां रोजगार मेले में सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री जी की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह उनके द्वारा देश की युवा पीढ़ी को रोजगार प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी अपने परिश्रम से देश को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे है और आज पूरे विश्व में भारत की पहचान बदली है। मा0 मंत्री जी ने कहा कि आज कई ऐसे क्षेत्र है, जहां पर निवेश बढ़ रहा है और उनमें रोजगार के अवसर युवाओं को प्राप्त हो रहे है। मंत्री जी ने कहा कि आज पारदर्शी तरीके से युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराये जा रहे है। इससे युवाओं के अंदर यह भरोसा बढ़ा है कि उनके टैलेंट को भी अवसर मिलेगा। मंत्री जी ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है और इसके लिए प्रधानमंत्री जी दृढ़निश्चयी होकर कार्य कर रहे है। उन्होंने नवनियुक्त उम्मीदवारों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें राष्ट्र के प्रति सत्यनिष्ठा, सेवा एवं समर्पण की भावना के साथ अपने नये दायित्वों के निर्वहन करने का संकल्प लेने को कहा।

मंत्री जी ने ग्रुप केन्द्र प्रयागराज के पुलिस उप महानिरीक्षक, समस्त अधिकारियों एवं जवानों को रोजगार मेला के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु प्रशंसा की तथा उन्हें आगे भी ऐसे ही निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए देश के प्रति संकल्पित रहने को कहा। कार्यक्रम में केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इस कार्यक्रम की मेजबानी ग्रुप केन्द्र, प्रयागराज के पुलिस उप महानिरीक्षक प्रभाकर त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने भारत सरकार तथा मुख्य अतिथि महोदय के प्रति आभार व्यक्त किया और उम्मीदवारों को अपनी ड्यूटी के प्रति सच्ची लगन, सत्य निष्ठा एवं पूर्ण ईमानदारी के साथ निष्पादित करने हेतु प्रेरित करते हुए उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन रंजना त्रिपाठी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर डिप्टी कमाण्डेंट प्रजेश कुमार अटल, सहायक कमाण्डेंट अविनाश कुमार राय सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। जिसमें सफल अभ्यर्थियों में अरुण ओझा, विकास कुमार, वीरेंद्र कुमार, दुर्गेश कुमार, विराज, अलोक पाण्डेय, वहीं चयनित महिला वर्ग में अंजली, अंशू, निर्जला, प्रिंसी चौहान पुत्री लोकेन्द्र सिंह जो बिजनौर जिले की रहने वाली हैं जानकरी के अनुसार बताया गया की पिता मेहनत मजदूरी करके अपनी बेटी को शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ाने में अपना पूरा सहयोग दिया चयनित प्रिंसी का चयन एचसीएम सीआरपीएफ में हुआ है वहीं रिंकी चौधरी पुत्री रवेन्द्र चौधरी जो जनपद अलीगढ़ की रहने वाली हैं चयनित रिंकी द्वारा बताया गया की पिता का काफी सहयोग रहा पिता मेहनत मजदूरी करके बेटी को आगे बढ़ाने में काफी योगदान रहा है। नियुक्ति पाकर सभी के चेहरे पे खुशी की झलक देखने को मिली।

# राजा भैया के राजकुमारों ने निभाया पिता का दायित्व, गोपाल भैया के साथ बारात का स्वागत

**अखंड भारत संदेश**



बरातियों का स्वागत करते राजा भइया के राजकुमार

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** राजा भैया के नेतृत्व में संपन्न हुए सामूहिक विवाह में राजा भैया के दोनों राजकुमारों ने पिता के दायित्व को बखूबी निभाते हुए दुल्हों का स्वागत किया। इस दौरान उनके साथ प्रतापगढ़ के विधान परिषद सदस्य अक्षय प्रताप सिंह गोपाल भैया और बाबागंज विधायक विनोद सरोज के साथ बारात के स्वागत मे तल्लीनता के साथ नजर आये। सामूहिक विवाह मे 101 जोड़ो का विवाह कराया गया।

बता दें कि राजा भैया द्वारा करवाये जा रहे सामूहिक विवाह की ख्याति उत्तर प्रदेश की सीमाओं को लाँघ गया। इस बार हुए विवाहों मे एक बारात मध्य प्रदेश के जबलपुर जनपद से आयी थी। जिससे ये साबित हो गया कि राजा भैया द्वारा करवाए जा रहे सामूहिक विवाह की ख्याति प्रदेश की सीमाओं से बाहर पहुंच चुकी है। बीती रात 2 जोड़ो का निकाह और 99 जोड़ो का विवाह धार्मिक रीति रिवाज के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम मे जनसत्ता दल के वरिष्ठ नेता डा के एन ओझा, कुलदीप पटेल, उमाशंकर यादव, बब्लू सिंह, संजय सिंह, सुरेश पांडे, मनीष पांडे, चेयरमैन कुंडा शिव कुमार भगवन, लाल बहादुर पांडे, बौवा तिवारी, नजर मुहम्मद, इन्नू भाई, फसादी प्रधान, अनुभव यादव, डब्बू सिंह, सज्जन शुक्ला, प्रमुख बिहार रामचंद्र, प्रमुख कुंडा संतोष सिंह, वरिष्ठ पत्रकार विनोद मिश्रा, हिन्दू नेता राजेश शाहू, छोटे ठाकुर समेत हजारों शुभचिंतक और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दो दिवसीय दौरे पर आज आयेंगे प्रमोद तिवारी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज मंगलवार को यहां दो दिवसीय दौरे पर आयेंगे। वह पूर्वान्ह साढ़े ग्यारह बजे राहाटीकर में लोगों से मुलाकात करेंगे। इसके बाद दिन में डेढ़ बजे घुइसरनाथ धाम में दर्शन पूजन करेंगे। सांसद प्रमोद तिवारी दिन में ढाई बजे लालगंज कैम्प कार्यालय पर भारत जोड़ो न्याय यात्रा के संदर्भ में कार्यकताओं के साथ बैठक करेंगे। अगले दिन बुधवार को वह मध्यान्ह बारह बजे लालगंज में संगम चैराहे से राजेन्द्र नगर तक बाईपास के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी सायं चार बजे प्रतापगढ़ नगर में पार्टी कार्यकताओं की बैठक में भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारी की समीक्षा करेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

# महाविद्यालय में पढ़ाई की आड़ में मोबाइल से बात करते हैं युवा

## एमडीपीजी कालेज के प्राचार्य ने 150 बच्चों के मोबाइल की किया जांच-पड़ताल

**अखंड भारत संदेश**



लड़कियों से पूछताछ करते प्राचार्य मनोज मिश्रा।

**प्रतापगढ़।** स्कूल कालेजों में पढ़ने वाली छात्र-छात्राओं को मोबाइलक लेकर महाविद्यालयों में अपने दोस्तों से बात करना अब मुश्किल हो गया है। शहर के एमडीपीजी कालेज में प्राचार्य मनोज मिश्रा महाविद्यालय के मुख्य भवन के पीछे लॉन में बैठकर क्लास से निकलने वाली छात्र-छात्राओं को मोबाइल से बात करते हुए पकड़ा।

जब उनसे पूछा गया कि किससे बात कर रही हो तो ज्यादातर छात्राओं का कहना था कि भाई या पिता से घर पर बात हो रही थी। जब जांच-पड़ताल की गई तो छात्रा के भाई से उसके पिता का नाम पूछा गया तो मामला फंस गया। न तो छात्रा पिता का नाम बता रही थी और न ही कथित भाई ही पिता का नाम बता पा रहा था। ऐसे लगभग 150 छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय परिसर में बात करते हुए पकड़ा गया।

इनमें से अधिकांश का प्राचार्य ने चेतावनी देकर छोड़ दिया लेकिन कुछ का मोबाइल परिचय पत्र. जमा करा लिया गया। उनके प्रवेश फार्म के आधार पर उनके अभिभावकों को सूचना भेजी गई। इस बारे में पूछने पर प्राचार्य मनोज मिश्रा ने कहा कि महाविद्यालय परिसर में मोबाइल पर बात करना अनुशासनहीनता है। घर से आई काल की सूचना भी सम्बन्धित शिक्षक व प्राक्टोरियल बोर्ड को देनी होगी।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में एक-दूजे के हुए भारत जोड़े

**अखंड भारत संदेश**



नवयुगल को प्रमाण पत्र देते बीडीओ अश्विनी कुमार सोनकर।

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक सभागार में सोमवार को बारह युगल एक दूजे के हो गये। नवयुगल जोड़ों को शासन की तरफ से गिफ्ट व पैंतीस हजार की आर्थिक सहायता प्रदान की गयी। बीडीओ तथा एडीओ पंचायत प्रवीण कुमार ने वैवाहिक जोड़ों को विवाह का प्रमाण पत्र देकर उन्हें सुखमय जीवन की शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम का आयोजन बीडीओ अश्विनी कुमार सोनकर ने किया। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण महेन्द्र कुमार, एमडी सरोज, विकास यादव, विवेक कौलिक, राजेश गुप्ता, सरिता पाण्डेय, राकेश सिंह, प्रमोद पटेल, रूपनाथ पटेल, रेशमलाल जायसवाल, धीरज सिंह, मिथलेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## आरओ एआरओ परीक्षा में पकड़े गये मुन्ना भाई को पुलिस ने भेजा जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा में इलेक्ट्रानिक डिवाइस के साथ पकडे गये मुन्ना भाई को सोमवार को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया। वहीं आरोपी मुन्ना भाई से पूछताछ के बाद पुलिस नकल माफियाओं के रैकेट का खुलासा करने में जुटी है। लालगंज नगर के रामअंजोर मिश्र इण्टर कालेज में बीती रविवार की सुबह आरओ व एआरओ की चल रही परीक्षा के दौरान कक्ष निरीक्षक ने पटटी तहसील के बसेहरा निवासी सुभाषचंद्र के पुत्र प्रवीण कुमार पटेल को कान में लगाकर इलेक्ट्रानिक डिवाइस से नकल करते हुए रंगे हाथ पकड़ा था।

## संदिग्ध परिस्थिति में गायब युवक आम के बाग में मिला

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के युवक का रहस्यमय तरीके से गायब होने की सूचना से पुलिस को खुली चुनौती देने जैसी घटना से जहां क्षेत्र मे हड़कंप मच गया था। पुलिस की तेजी कहें या योगी सरकार की धमक, कि अपहरण करने वालों ने युवक को सकुशल उसके गांव के पास बाग मे फेंक कर चले गये, लेकिन एक सवाल जस का तस बना हुआ है कि आखिर चाय समोसा बेचने वाले का अपहरण कौन कर सकता है। इस मामले मे थाना प्रभारी मानिकपुर से बात करने पर उन्होंने बताया कि वो कल छुट्टी पर थे, वापस आने के बाद मामले की जांच तेजी से हो रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जायेगा।

# रानीगंज कैथौला में तैयार किया जाता है मवेशियों के लिए जहर

## जिप्सम से तैयार की जा रही है सरसो की खली, लंबे अरसे से चल रहा है मिलावट का खेल

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अधिक धन संग्रह के चक्कर में लोग इंसानियत गवां बैठे है।अभी तक आप लोग यही सुनते आए है कि इंसान के खाद्य पदार्थों में मिलावट,लेकिन यहां तो कुछ लोग ऐसे भी है जो मवेशियों के निवाले में भी मिलावट का जहर घोल रहे है।

इस काले कारनामे पर प्रशासन भी संवेदनहीन बना हुआ है। स्थानीय तहसील क्षेत्र स्थित रानीगंज कैथौला, सारीपुर, अर्जुनपुर व पयागीपुर में कई ऐसे दर्जन भर ऑयल मिल स्थापित है जहां काफी अरसे से लोग जिप्सम मिला कर मिलावटी सरसों की खली तैयार कर रहे है।कम लागत में अधिक पैसा कमाने के चक्कर में लोग मानवता को भुला बैठे हैं। एक रुपए किलो की जिप्सम को सरसों की खली के भाव बेचते है।व्यवसाय में शामिल कुछ मजदूरों की बातों पर यकीन करे तो जिप्सम व सरसों की खली का अनुपात 60-40 का होता है।

एक कुंतल मिलावटी खली तैयार करने में महज 900 रुपए का खर्च आता है,जो बाजार में लगभग 2700 रुपए कुंतल के भाव से बिकती है। मिलावटी खली का व्यापार आस-पास के बाजार के साथ ही गैर जनपदों में किया जाता है। मिलावटी सरसों की खली का सेवन पशुओं के लिए किसी जहर से कम नहीं है। क्षेत्रीय लोगो की माने तो उन्होंने मामले की कई बार शिकायते भी की, लेकिन लंबी सांठ-गांठ के चलते कोई भी कार्रवाई नही होती है। क्षेत्रीय लोगो ने इस समस्या की ओर जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया है।

### कार्रवाई के नाम पर महज खानापूर्ति

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मवेशियों के लिए जहर तैयार करने वालों के साथ कोई भी कार्रवाई का न होना प्रशासन की अनभिज्ञता कहे या फिर मौन स्वीकृति? लगभग डेढ़ वर्ष पहले रानीगंज बाजार स्थित एक ऑयल मिल पर छापेमारी की गई थी। अधिकारियों के मुताबिक खली के नमूने को जांच के लिए भी भेजा गया था,लेकिन समय बीतने के साथ ही मामला भी बीत गया।मिलावटी खली के कारोबारियों पर कोई भी कार्रवाई नही हो सकी।

# एसपी ने रानीगंज अजगरा पुलिस चौकी का किया उद्घाटन

## प्रभारी निरीक्षक ने एसपी को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**



उद्घाटन समारोह में बोलते पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल।

**प्रतापगढ़।** जिले के पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने थाना लीलापुर क्षेत्र के रानीगंज अजगरा में पुलिस चैकी का उद्घाटन किया। इस दौरान एसपी ने चैकी का निर्माण करने वाले चैकी इंचार्ज गणेश दत्त पटेल के हाथों से फीता काटते हुए उद्घाटन करवाया और उनको कुर्सी पर अपने हाथों से बैठाया। एसपी के इस बड़प्पन से आम नागरिकों में एसपी की प्रशंसा हुई।

इस दौरान जिले के पुलिस विभाग के आला कमान आईपीएस सतपाल अंतिल का संबोधन सुनने के लिए क्षेत्र से कई सम्मानित व्यक्ति एवं बुजुर्ग और युवा मौजूद रहे। इस दौरान लोगों के चेहरे पर मुस्कान और पुलिस के प्रति विश्वास देखने को मिला। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक लीलापुर ने एसपी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। चैकी इंचार्ज गणेश दत्त पटेल ने सीओ लालगंज रामसूरत सोनकर सिंघम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

बता दें कि एसपी ने जब से जिले की कमान संभाली है तब से जिले में नए थाने का निर्माण एवं नई पुलिस चैकी खुलवाकर अपराधियों की कमर तोड़ने का काम एसपी लगातार कर रहे हैं। कार्यक्रम में विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह ने स्मृति चिन्ह देकर एसपी को सम्मानित किया। लक्ष्मणपुर राकेश सिंह ने स्मृति चिन्ह देकर एसपी को सम्मानित किया। ग्राम प्रधान मनोज सिंह देवली ने भी एसपी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान सांसद संगम लाल गुप्ता के छोटे भाई दिनेश गुप्ता एवं सांडवा चंद्रिका ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि देशराज भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वाला युवक गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एसपी सतपाल अंतिल की पुलिस ने 24 घण्टे के भीतर सौहार्द बिगाड़ने वाले युवक को ढूंढ निकाला। बता दे कि दो दिन पहले चैक घण्टा घर पर भगवा ध्वज को किसी अराजक तत्व ने हटा कर इस्लामिक झंडे को लगा दिया था। बता दें कि मकन्द्रूगंज चौकी प्रभारी तीन दिन की छुट्टी पर क्या गए, अराजक तत्व ने अपने कुकृत्य को अंजाम दे डाला। एसपी ने घटना को गंभीरता से लिया, फिर क्या अराजक तत्व को ढूंढने में पुलिस लग गयी थी और चैबीस घण्टे के भीतर सदर बाजार के मो0 आशिक पुत्र मो0 रफीक को धर दबोचा और उसके विरुद्ध अभियोग दर्ज कर न्यायालय भेजा गया।

# सराफा व्यापारी का जेवरात भरा बैग तमचा सटाकर अपाची सवार बदमाशों ने लूटा

**अखंड भारत संदेश**

### साढे ग्यारह लाख रुपये के जेवरात की हुई लूट

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ नेशनल हाइवे पर नवाबगंज थाने के डेढ़ किलो मीटर पहले सोमवार की सुबह लगभग दस बजे अपाची पर सवार बेखौफ 3 बदमाश व पल्सर पर 2 बदमाशों ने घर से नवाबगंज अपनी सरार्फा की दुकान पर बाईक से आते समय विजय कुमार नवाबगंज पुत्र राधेश्याम अग्रहरि बहादुरगंज थाना ऊंचाहार निवासी का जेवरात से भरा बैग अज्ञात बदमाशों ने फिल्मी अंदाज में मारपीट कर तमंचा सटाकर लूट कर फरार हो गये। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस महकमा मे हड़कंप मच गया।

बताया जाता है कि सरार्फा दुकानदार विजय नवाबगंज पुत्र राधेश्याम अग्रहरि नवाबगंज चैराहे के पास सरार्फा की दुकान खोल रखी है जो ऊंचाहार अपने मकान से पुराना घर बहादुरगंज मे स्थित मंदिर मे करने के बाद बाईक से नवाबगंज दुकान अकेले आ रहे थे।

नवाबगंज थाना के हरदेव नगर के निकट खोजे बाबा भिटारी मोड़ के पास अपाची बाइक पर सवार तीन व पल्सर बाइक पर सवार दो बदमाशों ने विजय की बाइक के आगे अपनी बाईक लगाकर रोक दिया और विजय से जेवरात भरा बैग छीनने लगे, जिस पर विजय विरोध करने लगे और बाइक खड़ी करके बदमाशों से भिड़ने लगे जिस पर बदमाशों ने बैग न मिलने पर विजय के पेट मे तमंचा सटा दिया और बैग लेकर भागने लगे तो विजय जोर से चिल्लाने लगा कि बदमाश लूट लिए। आवाज सुनकर आस पास के लोग दौड़े पड़े एक दो लोगो ने बाईक से बदमाशों का पीछा किया तो बदमाशों ने तमंचा लहराते हुए भगा निकले। दुकानदार के मुताबिक जेवरात से भरा बैग मे सात किलो चांदी व 100 ग्राम सोना बताया जिसकी कुल कीमत साढ़े ग्यारह लाख रुपया बताई जा रही है। घटना की तहरीर पीड़ित दुकानदार विजय ने पुलिस को दी।

## सिंचाई विभाग के जिम्मेदारों की लापरवाही से किसान की बर्बाद हो रही फसल, एसडीएम से शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सिंचाई विभाग के जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते किसान की फसल बर्बाद हो रही है। पीडित किसान ने मामले की शिकायत एसडीएम लालगंज से की है। विकासखण्ड सांगीपुर अन्तर्गत आमीशंकरपुर गांव निवासी रामनाथ तिवारी पुत्र रामअधार तिवारी खेती करके परिवार का भरणपोषण करता है। पीड़ित का आरोप है कि उसके गांव के पास से राहाटीकर माइनर नहर गुजरी है। इस माइनर को समीप के मटटन नाला होते हुए आगे जोड़ने का आदेश हुआ था। लेकिन कार्यदायी संस्था द्वारा मात्र छः सौ मीटर की खुदाई कराकर काम बंद कर दिया गया। इससे प्रतिवर्ष नहर का पानी पीड़ित किसान के खेत में भर जाता है और फसल बर्बाद हो जाती है। जिससे उसके सामने रोटी का संकट खड़ा हो गया है। पीडित ने उप जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगायी है।

## गैस एजेन्सी में हजारों की चोरी को अंजाम देकर बदमाशों ने पुलिस को दी चुनौती

**अखंड भारत संदेश**



गैस एजेंसी से चोरी का नजारा।

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अजगरा बाजार में पुलिस चैकी खुलते ही बदमाशों ने पुलिस को कड़ी चुनौती दे दी। गैस एजेन्सी में घुसे बदमाश हजारों की नकदी व कीमती सामान उठा ले गये। घटना को लेकर एजेन्सी संचालक ने सोमवार को पुलिस को तहरीर दी है। लीलापुर थानान्तर्गत अजगरा निवासी मनोज सिंह पुत्र स्व. रणविजय सिंह अजगरा में इण्डेन गैस ग्रामीण वितरक के संचालक है। मनोज सिंह के अनुसार रविवार की रात लगभग आठ बजे इण्डेन गैस कर्मचारी आफिस को बंद करके घर चले गये। अगले दिन सोमवार सुबह आफिस खोलने पहुंचे तो उसका दरवाजा चैनल टूटा देख आवाक रहे गये। सूचना पर संचालक मनोज भी मौके पर पहुंच गये। आरोप है कि अज्ञात चोर कार्यालय में रखी आलमारी का लाक तोडकर पैंसठ हजार तीन सौ सत्तावन रुपए की नकदी, दौ सौ रेगुलेटर, हौस पाइप, गैस चूल्हा, लैपटाप व मोबाइल आदि सामान उठा ले गये। पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ घटना की तहरीर दी है। थानाध्यक्ष नीरज यादव का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है, जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

# भयहरण नाथ धाम में मंदिर व मेला व्यवस्था समितियों की बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरण नाथ धाम में आगामी 6 से 9 मार्च तक होने वाले परम्परागत महाकाल महोत्सव व महाशिवरात्रि मेला में सुव्यवस्था हेतु उप जिलाधिकारी सदर के निर्देश पर गठित मेला व मंदिरों उपसमितियो को जिम्मेदारी दी गई। तय हुआ कि बिना आई कार्ड के कार्यकर्ता जिम्मेदारी नहीं निभायेंगे .मेला क्षेत्र मे मेला व्यवस्था राजस्व विभाग द्वारा बने नक्शे पर होगा।

धाम के उपाध्यक्ष प्रशासन बबन सिंह की अध्यक्षता मे हुई बैठक का संयोजन महासचिव समाज शेखर ने किया। प्रबन्ध समिति के पदाधिकारीगणों तथा मंदिरों व मेला व्यवस्था उपसमितियों के सदस्यों ने सभी व्यवस्था पर चर्चा करके अपनी कार्य योजना को अंतिम रूप दिया। तय हुआ कि सभी के सहयोग और भागीदारी से धाम में होने वाले 24 वें महाकाल महोत्सव को सरकार व समाज की भागीदारी से वृहद स्वरूप निरंतर दिया जायेगा। तय हुआ कि सभी मंदिरों के पुजारी व व्यवस्थापको से भी चर्चा करके साफ सफाई आदि की व्यवस्था तय की जायेगी। मंदिर व्यवस्था समिति के संयोजक पुजारी भोला नाथ तिवारी व उप संयोजक माहेश्वरी पांडेय व सचिव सचिदानन्द पांडेय सहित 15 सदस्यीय दल तथा मंदिर व्यवस्था समिति के संयोजक पूर्व प्रधान कमला कांत मिश्र उप संयोजक बुद्धि प्रकाश द्विवेदी सहित 15 सदस्यीय दल द्वारा प्रबंध समिति व पुलिस व प्रशासन की देखरेख में होगी। चैकी इंचार्ज धनश्याम पटेल द्वारा महासचिव समाज शेखर के साथ साइकिल स्टैंड, पार्किंग, मेला व्यवस्था, दर्शन व्यवस्था आदि पर चर्चा की। कार्यालय प्रभारी नीरज मिश्र सहित समिति के साथ जिम्मेदारी तय की गई। बैठक में उपाध्यक्ष वित्त एवं लेखा राजीव नयन मिश्र, कोषाध्यक्ष लालजी सिंह, सचिव संगठन राज किशोर मिश्र, प्रबंध समिति धीरेन्द्र शुक्ल, मनी राम पटेल, सुरेन्द्र सिंह, राहुल गौतम, आनन्द कुमार, विद्या सागर, शिव गोविन्द, अक्षय कुमार, शिवमूर्ति मिश्र आदि सदस्य गण उपस्थित रहे।

### कार्यकर्ता व पुलिस की रहेगी उत्तम व्यवस्था

# परीक्षित के जन्म कर्म की कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कस्बा स्थित बीएसएनएल कार्यालय के समीप चल रही श्रीमदभागवत कथा में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही हैं। कथाव्यास आचार्य देवमूर्ति ने श्रद्धालुओं को परीक्षित के जन्म कर्म और उनके श्रापित होने की कथा पर प्रकाश डाला।

कथाव्यास ने बताया कि परीक्षित अपनी मां के उदर में थे तो अस्वतथामा ने उनको नष्ट करने के लिए ब्रम्हास्त्र का संधानु किया था। ब्रहास्त्र लगने से अभिमन्यु की पत्नी उत्तरा के गर्भ से परीक्षित का जन्म हुआ। कथा प्रसंग में उन्होंने बताया कि राजा परीक्षित द्वारा तप में लीन क्रमिक मुनि के गले में सर्प डालने पर क्रोधित होकर मुनि के पुत्र द्वारा उन्हें सात दिन के अंदर सर्प के डसने से मृत्यु हो जाने का श्राप दिया। कथा के दौरान राधे कृष्ण संकीर्तन में भी श्रद्धालु रमे दिखे। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक सदाशिव पाण्डेय ने श्रद्धालुओं का स्वागत व संयोजक गायत्री पाण्डेय ने आभार जताया। इस मौके पर ज्ञानप्रकाश शुक्ल, अनिल त्रिपाठी महेश, अरविन्द पाण्डेय, कौशल कुमार पाण्डेय, राजेश तिवारी, सोनू शुक्ला, शास्त्री सौरभ त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## भगवान श्रीकृष्ण के माखन चोरी की कथा सुन श्रद्धालु हुए भावविभोर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर स्थित बीएसएनएल कार्यालय के पास चल रही संगीतमयी श्रीमदभागवत कथा में कथाव्यास के मुखारबिंद से भगवा- श्रीकृष्ण के माखन चोरी की कथा सुन श्रद्धालु भावविभोर हो उठे दिखे। कथाव्यास आचार्य देवमूर्ति ने बताया कि माखन चोरी को लेकर भगवान श्रीकृष्ण जी अपने मित्रों के साथ बैठकर गोपिकाओं के घर में माखन चोरी की योजना बनाते थे। उसके बाद माखन चोरी करके उसे आपस में मिल बांट कर खाते थे। उन्होनें बताया कि भगवान कृष्ण ने धर्म की रक्षा के लिए राक्षसों का अन्त किया। गोर्वधन पर्वत की कथा प्रसंग में कथाव्यास आचार्य देवमूर्ति ने बताया कि इन्द्र के कुपित होने पर भगवान श्रीकृष्ण ने उनके अहंकार को चूर करने के लिए गोवर्धन पर्वत उठाया था।

# जिलाधिकारी ने अधिकारियों को राजस्व वसूली में प्रगति लाने के दिए निर्देश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी राजेश कुमार राय द्वारा उदयन सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभागवार राजस्व वसूली की प्रगति की विस्तृत समीक्षा के दौरान वाणिज्यकर विभाग, खनन, स्टाम्प व रजिस्ट्रेशन एवं परिवहन में लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को और अधिक प्रवर्तन कार्य करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने नगर निकायों में राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा के दौरान नगर पंचायत चायल, अझुवॉ एवं सिराथू में अपेक्षित राजस्व वसूली न पाये जाने पर

जिलाधिकारी ने की कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की विस्तृत समीक्षा



नाराजगी प्रकट करते हुए शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने समीक्षा के दौरान नगर निकायों में प्रवर्तन कार्य शून्य पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी अधिशासी अधिकारियों को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों व तहसीलदारों को साप्ताहिक समीक्षा करते हुए मुख्य देय एवं विविध देय वसूली में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने आर0सी0 वसूली की विस्तृत समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए, सभी उप जिलाधिकारियों को आरसी वसूली में प्रगति तथा तहसील के 10 बडे बकायेदारों की आरसी वसूली में प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसके साथ उन्होंने राजस्व वादों के निस्तारण में प्रगति लाने तथा चिन्हित भू-माफियाओं के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने उप जिलाधिकारियों को आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्रों के आवेदनों को निर्धारित समयावधि में निस्तारण सुनिश्चित कराने तथा आईजीआरएस के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत करने के निर्देश दिए इस अवसर पर अपर जिलाधिकारीगण अरूण कुमार गोंड एवं प्रबुद्ध सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## पति को खोजने निकली युवती के साथ छेड़खानी

**महगाव कौशाम्बी** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के पैगंबरपुर गांव की एक युवती ने चार वर्षों पूर्व गांव के युवक के साथ भागकर लव मैरिज किया था लव मैरिज के बाद प्रेमी युगल रोजी-रोटी के सिलसिले में मुंबई में रहते थे 11 जनवरी को प्रेमी युगल मुंबई से वापस प्रयागराज पहुंचे लेकिन इसी बीच। प्रयागराज स्टेशन से युवती का प्रेमी लापता हो गया लापता प्रेमी को युवती खोज रही थी लेकिन प्रेमी तो नहीं मिला उसे पुलिस के संपर्क के रहने वाले मुजाहिद पुर के कुछ लोग मिल गए और उसे मदद का भरोसा दिला करके पिपरी थाना क्षेत्र के आलमपुर तिलगोड़ी लेकर चले गए जहां युवक ने मदद के नाम पर युवती से छेड़खानी शुरू कर दी युवक द्वारा अश्लीलता करने से प्रेमिका बौखला गई और भाग कर किसी तरह से संदीपन घाट थाना पहुंची मामले की युवती ने संदीपन घाट थाना पुलिस को लिखित शिकायती पत्र दिया है पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है थाना पुलिस से न्याय ना मिलने के बाद पीड़ित युवती पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र दिया है हालांकि युवती के बयान में तमाम झोल है।

# निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति की डीएम ने की विस्तृत समीक्षा

निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के दिए निर्देश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी राजेश कुमार राय ने निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन परियोजना-जिला ड्रग वेयर हाउस तथा राजकीय महाविद्यालय सिराथू के निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए माह फरवरी तक निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने मिनी ग्रामीण स्टेडियम तिलगोडी का अवशेष कार्य एक सप्ताह में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने थाना महेवाघाट व थाना कड़ाधाम में आवासीय भवनों का निर्माण तथा ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा कराए जा रहे त्वरित कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश




दिए। उन्होंने कहा कि जो परियोजनाए धनाभाव के कारण रुकी हुई है, उन परियोजनाओं के लिए शासन को पत्र प्रेषित कर धनराशि की मांग कर लिया जाय। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित रहने पर अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग श्री हरबंश सिंह को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ रवि किशोर त्रिवेदी तथा जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजीत प्रताप सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एक ही रात एक दर्जन घरों में लाखो की चोरी

**अझुवा कौशाम्बी** मोहब्बत पुर पइंसा कोतवाली क्षेत्र के जवई पड़री गांव में रविवार की रात बेखौफ चोरों ने आठ घरों में सेंधमारी कर नकदी समेत लाखों के गहने पार कर दिया। वहीं तीन अन्य घरों में नकब लगाकर चोरी का प्रयास किया।घटना की जानकारी पीड़ित परिवारों को सुबह हुई। एक ही रात दर्जन भर के करीब घरों में सेधमारी और चोरी से लोग सहम गए। फॉरेंसिक टीम के साथ पइंसा पुलिस ने जांच पड़ताल कर पीड़ित परिवारों से तहरीर लेकर चोरों की तलाश में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक जवई पड़री निवासी विनोद पुत्र हरिश्चंद्र रविवार की रात परिवार के साथ घर में सोए थे। आधी रात घर के पीछे के दरवाजे की कुंडी तोड़कर भीतर घुसे चोरों ने बक्से में रखा सोने-चांदी के जेवर और कपड़ा पार कर दिया। विनोद के अनुसार करीब डेढ़ लाख रुपये का सामान चोरी गया है। यहां के बाद चोरों ने चन्द्रशेखर पुत्र मैकू लाल के यहां से 10 हजार नगदी के साथ सोने-चांदी के जेवर, बर्तन समेत कपड़े आदि उठा ले गए। गांव की ज्ञानमती पुत्री



एक भी घटना का खुलासा थाना पुलिस नहीं कर सकी है जांच के नाम पर थाना पुलिस हवा में हाथ पैर मार रही है

श्री केशन के यहां से नकब काट कर चोरों ने लोटा में रखा गया जेवरात उठा ले गए। लल्लू पुत्र मन्ना लाल के घर चोरों ने सिलाई के लिए आए कपड़े के साथ राशन पार कर दिया। राज बहादुर पुत्र सुखबीर के यहां ताला तोड़कर चोरों ने 20 हजार के कीमती जेवर उठा ले गए। राजबहादुर पुत्र चौबे लाल मौर्य के 1000 नगद समेत कागजात और राशन उठा ले गए। प्रमोद पुत्र दयानंद विश्वकर्मा के घर सेधमारी कर चोरों ने कमरे में रखा बक्सा गांव के बाहर उठा ले गए। इसमें करीब 30 हजार के गहने रखे थे। बललू मौर्य पुत्र भैया लाल के यहां ताला तोड़कर चोरों ने पांच बोरी गेहूं व अन्य राशन उठा ले गए। सन्तोष कुमार, उमाशंकर के घर चोरी का प्रयास किया गया। यहां के बाद जाते-जाते कम्पोजिट विद्यालय पड़री के ऑफिस का ताला तोड़कर कागजात इधर-उधर कर फेंक दिए। एक रात में दर्जनों घरों में चोरियों की घटनाओं के बाद थाना पुलिस की लापरवाही साफ उजागर हुई है यदि थाना पुलिस रात में गस्त कर रही होती तो चोरों के हौसले इतने बुलंद ना होते चोरी की घटनाओं ने यह साबित किया है कि पुलिस किसी अन्य कार्यों में अधिक व्यस्त रहती है जिससे चोर बेखौफ है एक ही रात एक दर्जन लगभग घरों में चोरी की जानकारी होते ही लोगों में दहशत मच गई। सूचना के बाद पइंसा एसओ फॉरेंसिक टीम के साथ गांव पहुंचे और जांच-पड़ताल की खबर लिखे जाने तक एक भी घटना का खुलासा थाना पुलिस नहीं कर सकी है जांच के नाम पर थाना पुलिस हवा में हाथ पैर मार रही है।

## अपहरण और हत्या के अभियुक्त को कोर्ट ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा

दूसरे अभियुक्त को अदालत ने सुनाई दो साल की सजा,दोनों अभियुक्तों पर लगाया अर्थदंड

**कौशाम्बी** जिले के कौशाम्बी थाना क्षेत्र में 2015 में राम खेलावन यादव ने चचेरे भाई की अपहरण कर हत्या का मामला दर्ज कराया था। इस सम्बन्ध में थाना कौशाम्बी पर मु0अ0सं0 19/15 धारा 364/ 201/ 302/ 34 भादवि व मु0अ0सं0 26/15 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया था। मामले में सोनपाल लोध पुत्र शिवलोचन लोध और दिनेश मौर्य पुत्र जागेश्वर मौर्य निवासीगण उरई असरफपुर थाना व जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था न्यायालय एडीजे -07/ स्पे0 जज पाक्सों एक्ट ने अभियुक्त सोनपाल लोध को आजीवन कारावास तथा 60,000/- रुपए के अर्थ दण्ड तथा अभियुक्त दिनेश मौर्य को 02 वर्ष कठोर कारावास तथा 5000 रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया है।

# पूर्व विधायक पर हमले की साजिश के भंडाफोड़ के बाद कानून व्यवस्था पर उठे सवाल!

पूर्व विधायक के भाई के घर पर हुए ब्लास्ट के बाद खड़े हो रहे हैं तमाम सवाल

**कौशांबी।** भारतीय जनता पार्टी से सिराथू विधानसभा से पूर्व में विधायक रहे शीतला प्रसाद पटेल उर्फ पप्पू के भाई मुन्ना के घर चार दिनों पूर्व हुए ब्लास्ट के बाद सैनी कोतवाली पुलिस ने पूर्व विधायक के भाई मुन्ना की तहरीर पर गंभीर धाराओ में मुकदमा लिख लिया है मुकदमा लिखा जाने के बाद इस घटना में तमाम नए मोड़ आ गए हैं पूर्व विधायक के भाई के द्वारा दी गई तहरीर के मुताबिक उनके घर में ब्लास्ट क्रर उनके भाई पूर्व विधायक शीतला प्रसाद पटेल और परिवार की हत्या करने की अज्ञात लोगों द्वारा योजना बनाई गई थी अब सवाल उठता है कि पूर्व विधायक की निजी दुश्मनी किससे है और आम जनमानस की इतनी जुर्रत नहीं है कि वह पूर्व विधायक के घर ब्लास्ट करने की साजिश रच सके राजनीतिक दुश्मनी के चलते पूर्व विधायक पर किसने हमले की साजिश बनाई है यह बड़ी जांच का विषय है ब्लास्ट स्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगे हैं पूर्व विधायक के भाई के घर किसने प्रवेश किया सीसीटीवी कैमरे से मदद ली जा सकती है लेकिन ब्लास्ट की घटना को चार दिन बीत जाने के बाद ब्लास्ट की इस घटना में पुलिस रत्ती भर आगे नहीं बढ़ सकी है केंद्र से लेकर प्रदेश तक भारतीय जनता पार्टी की सरकार है पूरा जिला भाजपा मय है डिप्टी सीएम से लेकर सांसद तक भारतीय जनता पार्टी के हैं लेकिन भाजपा के पूर्व विधायक पर हमले की साजिश रचने वाले घटना के चार दिन बाद भी बेनकाब नहीं हो सके हैं जिससे कौशांबी की लचर कानून व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है।

## न्यूज झरोखा

### जुवरा एवं अफजलपुरवारी से मंझनपुर होकर प्रयागराज तक रोडवेज बस चालू कराई जाए : अजय सोनी

सकिपा के तत्वावधान मे मुख्य विकास अधिकारी कौशांबी को मांगपत्र सौंपकर रोडवेज बस चालू कराने की उठाई गई मांग




**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी ने जिले के सिराथू ब्लॉक के सीमावर्ती क्षेत्रों से मंझनपुर मुख्यालय होकर प्रयागराज तक रोडवेज बस चालू कराए जाने की मांग की है। पार्टी नेता अजय सोनी ने इस संबंध में सोमवार 12 जनवरी को मुख्य विकास अधिकारी कौशांबी रवि किशोर त्रिवेदी को एक मांगपत्र सौंपा है। सौंपे गए मांगपत्र में सिराथू ब्लॉक के ग्राम खुझा मजरा अफजलपुरवारी से उदहिन बुजुर्ग चौराहा, तुलसीपुर,मंझनपुर होकर प्रयागराज एवं ग्राम जुवरा से नारा, दुवरा (हिसामपुर बहरेमऊ) मंझनपुर होकर प्रयागराज तक रोडवेज बस चालू कराने की मांग की गई है। सोमवार 12 जनवरी को समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी अपने कई कार्यकर्ताओ के साथ मुख्य विकास अधिकारी से विकास भवन मंझनपुर में मुलाकात की और एक मांगपत्र सौंपा। सौंपे गए मांगपत्र में जिले के सिराथू ब्लॉक के सीमावर्ती गांवो जुवरा एवं खुझा मजरा अफजलपुरवारी से मंझनपुर होकर प्रयागराज तक रोडवेज बस चालू कराने की मांग की। मुख्य विकास अधिकारी ने इस संबंध में समुचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर सुरजीत वर्मा, भगवानदास वर्मा, अखिलेश विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

### एक सौ एक कन्याओ के विवाह समारोह मे भरवारी से सैकड़ों लोगो के साथ पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार शामिल हुए




**भरवारी कौशाम्बी** उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के यहां कुंडा में हो रहे एक सौ एक कन्याओ के विवाह समारोह मे भरवारी से सैकड़ों लोगो के साथ पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार शामिल होने कुंडा के बजरंग डिग्री कॉलेज पहुंचे और नव दंपति को आशीर्वाद दिया एम एल सी गोपाल जी उर्फ अक्षय प्रताप से एम पूर्व कैबिनेट मंत्री रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के दोनो सुपुत्र छोटे राजा एवम बड़े राजा को माला पहनाकर स्वागत किया। इस पवित्र मौके पर पूर्व सांसद एवम जनसत्ता दल के प्रधान महासचिव शैलेन्द्र कुमार पत्रकार राजू सक्सेना लल्लू पाल के एस झा शंकर लाल अग्रहरी राधे श्याम गुप्ता सुशील आस्था बादशाह उर्फ सक्षम शिवम सक्सेना बहादुर सरोज फुल चंद्र मौर्या मुन्ना लाल केसरवानी सौरव श्रीवास्तव शिवांशु केसरवानी दीपू अग्रहरी एवम सिद्धि विनायक डिफेंस अकादमी के निदेशक प्रींशु सिंह एम प्रबंधक शीलू सिंह आदि लोगो ने कुंडा पहुंच कर नव दंपत्ति को आशीर्वाद देते हुए फुल माला पहनाते हुए बुके भेट किए। इस मौके पर जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवम विधायक रघु राज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के अस्वस्थ होने की वजह से उनकी दोनो बेटे छोटे राजा एवम बड़े राजा ने एक सौ एक नए जोड़ो की शादी कराते हुए सभी को दहेज स्वरूप सभी सामानों के साथ अपनी गाड़ियों से घर तक दूल्हा दुल्हन को भेजा तथा सभी आए हुए अतिथियो का आभार व्यक्त किए।

### जादू के माध्यम से सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं से किया जागरूक



**हर्रायपुर कौशाम्बी** एन डी कान्वेंट स्कूल एंड स्वर्गीय श्री समाधि महाराज बाबा सूरजपाल दास इंटर कॉलेज नसीरपुर, मूरतगंज में नाबार्ड बडौदा यू पी बैंक के तत्वाधान में सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं को जादू के माध्यम से जागरूक किया गया तथा इसके अंतर्गत अटल पेंशन योजना ,किसान सम्मान निधि, स्वयं सहायता समूह आदि विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई इस मौके पर भीखमपुर बैंक के शाखा प्रबंधक गर्वित जी के द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया गया ' इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक मिथिलेश सिंह यादव प्रधानाचार्य महेश कुमार व समस्त स्टाफ मौजूद रहे '

### कौशाम्बी में घूम रही थी हरदोई जनपद से भटक कर आई अर्धविक्षिप्त महिला

पुलिस ने सी प्लान की मदद से परिजनों को बुलाकर सौंपा



**कौशाम्बी** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में पिछले कई दिनों से एक अर्धविक्षिप्त महिला घूम रही थी,कोखराज थाना क्षेत्र के शहजादपुर चौकी पर तैनात सिपाही नवनीत यादव ने उक्त महिला को बैठाया और सद्भावना पूर्वक उससे जानकारी ली तो पता चला कि वह हरदोई जनपद की रहने वाली है,सिपाही नवनीत यादव ने सी प्लान की मदद से महिला के परिजनों से बात की और उनको बुलाकर महिला को उनके सुपुर्द कर दिया। कोखराज थाना क्षेत्र में शहजादपुर चौकी क्षेत्र के बसावनपुर में पिछले दो दिनों एक अर्धविक्षिप्त महिला घूम रही थी,सिपाही नवनीत यादव को जानकारी मिली तो उसने महिला से जानकारी ली, जानकारी करने पर पता चला कि उक्त महिला का नाम नन्ही कुशवाहा उम्र करीब 40 वर्ष पत्नी ननकु ग्राम पेड़ा थाना कोतवाली देहात जनपद हरदोई से भटक कर यहां आ गई है। सिपाही नवनीत यादव ने सी प्लान के माध्यम से ग्रामीणों से बात की और परिजन देवन पुत्र मितान को बुलाकर चौकी से सकुशल सुपुर्द कर दिया।

# शराब ठेके से 37 हजार नगद सहित शराब उठा ले गए चोर

**महेवाघाट कौशाम्बी** महेवाघाट थाना क्षेत्र के डाकसरीरा चौराहे पर स्थित देसी शराब की दुकान में रविवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने दुकान के पीछे नकाब काटकर नगदी व शराब उठा ले गए जानकारी के अनुसार रविंद्र सिंह निवासी थाना धाता जनपद फतेहपुर ने महेवा घाट थाना क्षेत्र के डाकशरीर चौराहे पर सरकारी शराब की दुकान खोले हुए हैं रविवार की रात को दुकान का सेल्समेन अजय सिंह दुकान बंद कर कर अपने घर चला गया सोमवार सुबह 10 बजे जब उसने दुकान खोला तो दुकान के अंदर गल्ला टूटा हुआ था अंदर रखा नगरी 37510 गायब था पास में रखी शराब की पेटियों में से पांच पव्वा शराब भी गायब थी सेल्समैन की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर चोरों की तलाश पर जुट गई है।

## प्राण घातक हमले के 03 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** जपनद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस उ0नि0 नितेश कुमार त्रिपाठी मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु0अ0सं0 46/24 धारा 323/308 भादवि से सम्बन्धित 03 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। अरविन्द सिंह पुत्र स्व० बैजनाथ सिंह नि० जलालपुर जवारगंज, संजय सिंह पुत्र कमलेश्वर सिंह एवं राजू सिंह पुत्र स्व० कमलेश्वर सिंह नि०गण पुरेघासीराम का पूरा को ग्राम जलालपुर जवारगंज ट्यूबवेल के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तो के खिलाफ विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेजा गया।

## पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर अपना आयकर का आगणन 20 फरवरी तक कोषागार में करें प्रस्तुत

**कौशाम्बी** वरिष्ठ कोषाधिकारी विनय कुमार प्रजापति ने कोषागार कौशाम्बी से पेंशन प्राप्त कर रहे पेंशनर/ पारिवारिक पेंशनरों को सूचित किया है कि जो पेंशनर / पारिवारिक पेंशनर वित्तीय वर्ष 2023-2024 में आयकर के अन्तर्गत आ रहे हैं,वे अपना आयकर का आगणन,यदि बचत है तो साक्ष्य सहित दिनांक 20 फरवरी 2024 तक कोषागार में प्रस्तुत करें।

# परीक्षा के समर में जाने वाले छात्र छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित





धर्मा देवी इंटर कालेज में विदाई समारोह आयोजित,जूनियर छात्र/ छात्राओं ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**अझुवा कौशांबी।** धर्मा देवी इंटर कालेज केन में परीक्षा के महासमर में जाने वाले छात्र/छात्राओं का विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया जिसमे जूनियर छात्र/ छात्राओं ने भावभीनी विदाई दी है। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भोला यादव चेयर मैन सिराथू, रणविजय निषाद ने मां शारदे की तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की है इस दौरान जूनियर छात्र छात्राओं ने उनके स्वागत में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर भावभीनी विदाई दी प्रवक्ता वरुण प्रकाश जोशी ने छात्र छात्राओं की विदाई पर एक कविता पढ़ कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया उन्होंने कहा कि विदाई मार्मिक संवेदनाओं का महोत्सव होता है विद्यालय के संस्कार आपके जीवन को सदैव प्रफुल्लवित पलवित करते रहेंगे। तत्पश्चात मतदाता जागरूकता से संबंधित स्लोगन ,पोस्टर, पेंटिंग एवं रंगोली प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि के कर कमलों द्वारा सम्मानित किया गया साथ ही राइफल शूटिंग में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मेधा का परिचय लहराने वाली विद्यालय की4 छात्राओं को श्री चंद्र पांडे के कर कमलों द्वारा अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के शिक्षकों द्वारा छात्र-छात्राओं को परीक्षा में सफल होने की शुभकामनाएं दी गई कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य डा .रामकरण त्रिपाठी ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर चंद्रकांत पांडे, गया प्रसाद मिश्र, विनोद तिवारी, राम प्रकाश त्रिपाठी, राम सुभाग त्रिपाठी, दिनेश त्रिवेदी सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन रमाशंकर सिंह ने किया है।

# सीएम डैश बोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं/इंडिकेटर्स की प्रगति की डीएम ने की विस्तृत समीक्षा

योजना में अधिकारियों को प्रगति लाने के डीएम ने दिए निर्देश

**कौशाम्बी** जिलाधिकारी राजेश कुमार राय द्वारा सोमवार को बेसिक शिक्षा विभाग,पंचायतीराज विभाग, विद्युत, पशुपालन, व्यावसायिक शिक्षा, श्रम एवं महिला कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं/ इंडिकेटर्स की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता,विद्युत को निर्धारित समय में खराब ट्रांसफार्मर को बदलने एवं निर्धारित समयावधि तक विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने विद्युत बिल सुधार इंडिकेटर पर विशेष ध्यान देकर प्राप्त प्रकरण निस्तारित कर इंडिकेटर्स में प्रगति लाने तथा कार्य योजना बनाकर लाइन हानि में सुधार लाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने 15वां वित्त आयोग, व्यक्तिगत शौचालय एवं स्वच्छ भारत मिशन इंडिकेटर में अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए जिला पंचायतराज अधिकारी को प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत अवशेष रह गए कार्यों को शीघ्र पूर्ण करवाने तथा विद्यालयों का निरीक्षण कर आवश्यक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को पशुओं के टीकाकरण में अपेक्षित प्रगति लाने तथा सहभागिता योजना के तहत गोवंशों के सुपुर्दगी में भी प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने श्रम प्रवर्तन अधिकारी को कन्या विवाह सहायता योजना एवं मातृत्व शिशु व मदद योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों को निर्धारित समय में निस्तारित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी को कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत प्राप्त लंबित आवेदनों को शीघ्र निस्तारित कराने के निर्देश दिए है इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी एवं जिला अर्थ व संख्याधिकारी अजीत प्रताप सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## हत्याभियुक्तों की सटीक सूचना के बाद मृतक परिवार के बिना गिरफ्तारी करने को तैयार नहीं है पुलिस

**कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के ग्रामीण भरवारी बैरिया में 10 दिनों पूर्व तीन लोगों पर प्राण घातक हमला किया गया था जिसमें इलाज के दौरान एक महिला की रविवार की भोर में मौत हो गई मामले में स्थानीय पुलिस चौकी भरवारी के इंचार्ज की भूमिका शुरू से सवालों के घेरे में है तीन लोगों पर प्राण घातक हमले को 10 दिन बीत जाने के बाद परिजनों की तहरीर बदलकर मामूली धारा 323 504 506 में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है अभी तक किसी भी हमलावर की गिरफ्तारी पुलिस ने नहीं की है सोमवार को परिजनों ने भरवारी चौकी इंचार्ज को हत्या अभियुक्तों के शरण लेने के स्थान को बता कर गिरफ्तारी करने की फरियाद की लेकिन चौकी इंचार्ज भरवारी सटीक सूचना के बाद हत्याभियुक्तों की गिरफ्तारी करने के को तैयार नही हुए मृतक परिजनों से चौकी इंचार्ज का कहना है की हत्या अभियुक्त की गिरफ्तारी में वह साथ चलेंगे अब सवाल उठता है कि जिस घर में एक महिला की हत्या हो गई और दो लोग गंभीर रूप से घायल है उस परिवार के व्यक्ति कैसे हत्या अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस के साथ मौके पर जाएगा लेकिन सटीक सूचना देने के बाद हत्या अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने दविश देने के लिए चौकी पुलिस तैयार नहीं हुई चौकी पुलिस के इस लापरवाही का फायदा हत्या अभियुक्त उठाएंगे और वह स्थान बदलने में कामयाब हो सकते है।

# रोजगार मेले 123 अभ्यर्थियों का किया गया चयन

14 फरवरी को एमवीआईटी इंजी0 कॉलेज,कोइलहा में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का किया जायेगा आयोजन

**कौशाम्बी** राजकीय आईटीआई एवं सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजनान्तर्गत जनपद कौशाम्बी के विकास खण्ड-नेवादा स्थित किसान इण्टर कॉलेज बिगहरा के परिसर में आज एक वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले 220 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं तीन नियोक्ता कम्पनियों के द्वारा कुल 123 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।यह जानकारी जिला समन्वयक,कौशल विकास मिशन के0के0 राम ने देते हुए बताया कि रोजगार मेले का शुभारम्भ मुख्य अतिथि उमेश केशरवानी,जिला मंत्री भाजपा द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा रोजगार मेले में उपस्थित प्रतिभागी अभ्यर्थियों को रोजगार मेले के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। जिला समन्वयक,कौशल विकास मिशन ने बताया कि जनपद कौशाम्बी के विकास खण्ड-चायल में दिनांक 14 फरवरी .2024 को एमवीआईटी इंजी. कॉलेज कोइलहा, कौशाम्बी में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा, जिसमें 05 से अधिक नियोक्ता कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग करते हुये 500 से अधिक रिक्तियों के सापेक्ष्य योग्य अभ्यर्थियों के चयन की कार्यवाही की जायेगी। जिसमें न्यूनतम योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण एवं आईटीआई/ डिप्लोमा उत्तीर्ण तथा कौशल विकास मिशन से प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थी प्रातः 10 बजे अपने समस्त शैक्षिक अंकपत्रों एवं प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ प्रतिभाग कर रोजगार पा सकते हैं।

## संपादक की कलम से

# अब तो आ ! गले लग जा !!

आज दुनिया भले ही दो बड़े युद्धों में उलझी हुई है। दुनिया में तीन दर्जन देश में आपस में लड़ रहे हैं फिर भी लोगों को याद दिलाया जा रहा है कि आज 'आलिंगन दिवस' यानि 'हग डे' है। आज की पीढ़ी 'आलिंगन' को नहीं 'हग' को जानती है। फिल्मों ने इस आलिंगन को 'जादू की झप्पी' बना दिया है। जबकि आलिंगन प्रेम प्रदर्शन की एक आदिकालिन क्रिया है। देह की एक विशिष्ट मुद्रा है। आलिंगन से लोग पास आते हैं और अदावतें दूर भाग जाती हैं।

आज मैं सियासत की बात नहीं कर रहा, इसलिए ज़रा अपनी स्मृति पर ज़ोर डालकर बताइये कि आपने सबसे आखरी बार किसे जादुकी झप्पी दी थी ? किसे अपनी बाहों में भरा था ? किसे आलिंगनबद्ध किया था ? शायद आपको ये सब मुश्किल से याद आये, क्योंकि अब विरला ही होगा जो जादू की झप्पी देता या लेता हो। जादू की झप्पी देना यानि आलिंगन करना अब असभ्यता समझा जाता है। अशिष्टता मानी जाती है ये क्रिया। राजनीति में तो ऐसा करने वाले का मजाक उड़ाया जाता है। उसे ' पप्पू ' तक कह दिया जाता है।

मुझे याद है कि बचपन में हम लोग जब स्कूल की छुट्टियां होने पर अपने मामा या दादी के पास जाते थे तो दौड़कर अपने मां, नानी, चाचा दादी आदि रिश्तेदारों को आलिंगन में भर लेते थे और देर तक एक दूसरे को बांहों में भींचे रहते थे। कभी-कभी इस प्रक्रिया में नेत्र सजल हो जाते थे, देह कम्पित होने लगती थी। रोमांचित हो जाती थी देह। लेकिन अब पता नहीं कब से कोई आकर गले नहीं मिला। कोई आलिंगनबद्ध नहीं हुआ। रिश्तेदार और दोस्तों की तो छोड़िये परिवार के सदस्य तक आलिंगन देने या लेने में सकुचाते हैं या इसे आवश्यक नहीं मानते।

कभी फुरसत मिले तो अपने किसी को आलिंगनबद्ध करके देखिये। आलिंगन स्नेह प्रदर्शन का वो रूप है, हम एक दूसरे की गर्दन, पीठ, या कमर के चारों ओर बाहुपाश डालते हैं और परस्पर एकाकार हो जाते हैं। दुनिया के हर समाज में आलिंगन को मान्यता प्राप्त है। इसे असभ्यता मानने वाले लोग ही असभ्य हैं। आलिंगन के लिए हिंदी हो अंग्रेजी सभी भाषाओं में एक से अधिक शब्द हैं। हिंदी में आम बोलचाल में इसे ' लिपटा-लिपटी कहा जाता है। आप आलिंगन को अँकवार, अंकमाल, परिरम्भण, गलबहियां भी कह सकते हैं आलिंगन के इससे भी ज्यादा पर्यायवाची होंगे, किन्तु सभी का भाव एक ही होगा, जो हृदय को स्पंदित करना ही है।

आलिंगन केवल मनुष्यों की बपौती नहीं है। दुनिया में जितने भी स्तनपायी जीव हैं वे आलिंगनबद्ध होते हैं। स्तनपायी तो क्या सरी-सर्प और विहंग भी आलिंगनबद्ध होते दिखाई देते हैं, बल्कि मनुष्य के मुकाबले अधिक आवेग से आलिंगनबद्ध होते दिखाई देते हैं। अगर आप संवेदनशील हैं और अंतर्दृष्टि रखते हैं तो आपने बनस्पतियों को भी आलिंगन करते हुए देखा होगा। लतिकायें, बल्लरियाँ ऐसे आपस में गुम्फित हो जातीं हैं कि उन्हें आसानी से अलग नहीं किया जा सकता। कुत्ते, सांप, गिरगिट, मेंढक, गौरैया सब आलिंगन लेना-देना जानते हैं। प्रेम और आलिंगन के विरोधियों को आलिंगन का दर्शन करना है या उसके ताप को समझना है तो वे रामचरित मानस में भरत-मिलाप के प्रसंग को अवश्य पढ़ें। भरत और निषाद के प्रसंग को भी देखें, राम और हनुमान के ही नहीं राम और सुग्रीव के मैत्री प्रसंग को ही देख लें तो समझ जाएंगे आलिंगन एक सनातन परम्परा और प्रक्रिया है।

बहरहाल मै आलिंगन की बात कर रहा था। आलिंगन हमारी संस्कृति और साहित्य का भी अभिन्न अंग रहा है। हमारी फिल्में तो हमेशा आलिंगन की समर्थक रही है। फिल्मों के जरिये आलिंगन को खूब प्रचार मिला है। आपके अवचेतन में एक गीत हमेशा गूंजता होगा- 'लग जा गले की फिर ये हसीं रात हो न हो' आलिंगन के आग्रह और निमंत्रण की इससे बेहतर अभिव्यक्ति कोई दूसरी हो नहीं सकती

हमने तो युवावस्था में एक फिल्म देखी थी जिसका नाम ही था -' आ गले लग जा। 'संजय दत्त की एक फिल्म 'मुन्ना भाई एमबीबीएस ने तो आलिंगन को जादू की झप्पी के रूप में इतना लोकप्रिय बना दिया था कि ये मृतप्राय परम्परा एक नए रूप में समाज में वापस लौट आयी थी।

आज जब देश और दुनिया अदावत के एक विचित्र दौर से गुजर रही है तब आलिंगन की महती आवश्यकता है। हम आपसी वैर-भाव को सामाजिक अलगाव को दो देशों के बीच खूनी जंगों को आलिंगन के जरिये रोक सकते है। खाइयां पाट सकते हैं।

आलिंगन खाइयां पाटने का एक प्रामाणिक तरीका है। ईद पर, होली-दीवाली पार हम सदियों से एक दूसरे को आलिंगन में भरते आये हैं। आलिंगन जाति, धर्म, वर्ण, रंग-रूप कुछ नहीं देखता, लेकिन अब ये आलिंगन संकटापन्न है। अर्थशास्त्र के साथ ही सियासत ने आलिंगन की मिटटी कूट दी है। आलिंगन को मनुष्यता के हित में बचने यानि संरक्षित करने की आवश्यकता है। हमारे देश के प्रधानमंत्री विश्वगुरु बनने के लिए दुनिया के तमाम देशों के राष्ट्रप्रमुखों को जादू की झप्पियाँ सार्वजनिक रूप से देते है। सभ्य कहे जाने वाले देशों के राष्ट्राध्यक्ष कभी-कभी मोदी जी की इस कोशिश से अचकचा जाते हैं, किन्तु मुझे ये अच्छा लगता है। दुनिया में साधू-संत हो या हिटलर आलिंगन की अवज्ञा नहीं कर सकत।

संत होने के लिए भी आलिंगन उतना ही आवश्यक है जितना की हिटलर बनने के लिए। हाल ही में हुए एक अध्ययन के मुताबिक जादू की झप्पी बड़े काम की चीज है। अगर आपका हमसफर किसी तनाव या किसी तरह के दर्द से गुजर रहा है, तो उसे आलिंगनबद्ध कर-के यानि 'हग' करके देखिये उसे दवाओं से ज्यादा राहत मिलेगी। भारत के बाहर दुनिया वाले वेलेंटाइन डे से एक हफ्ते पहले आलिंगन दिवस यानि 'हग डे' मनाते हैं। संयोग से इस साल ये दोनों दिन बसंत के मौसम में पड़ रहे है। मै अपने तजुर्बे से कहता हूँ कि यदि आप अपने जीवन में सदैव बसंत की मौजूदगी चाहते हैं तो एक बार अपने किसी भी प्रिय को आलिंगनबद्ध करके अवश्य देखे। आलिंगन करने के लिए केवल प्रेयसी या पत्नी का होना ही आवश्यक नहीं है। आप अपने बच्चों को, बच्चों के बच्चों को दोस्तों, रिश्तेदारों अपने सहकर्मियों को भी आलिंगनबद्ध कर सकते है। किसी संहिता में आलिंगन का निषेध नहीं है। मुझे तो आज भी जब भी अवसर मिलता है किसी न किसी को आलिंगनबद्ध करता हूँ और उस ताप को महसूस करता हूँ जो दैहिक ही नहीं बल्कि दैविक भी है। भगवा ब्रिगेड से आग्रह है कि वे आलिंगन में बाधक न बनें। आलिंगन दिवस कि हार्दिक शुभकामनाएं।

## आम चुनाव की ओर बढ़ता देश

संसद का शनिवार को अंतिम सत्र समाप्त हो गया। इसके साथ ही देश अब अगली लोकसभा के लिये आम चुनाव की ओर बढ़ चला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार का दूसरा कार्यकाल पहले (2014-19) के मुकाबले कहीं अधिक कसैली यादें छोड़ गया है। 17वीं लोकसभा के सत्रावसान की बेला में सदन के नेता होने के नाते श्री मोदी से स्वाभाविकत: यही उम्मीद थी कि वे एक सकारात्मक नोट के साथ पक्ष-विपक्ष के सदस्यों से विदा होते, लेकिन जाते हुए उन्होंने अपनी सरकार की प्रमुख उपलब्धियों के रूप में तीन तलाक एवं कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाये जाने का उल्लेख कर साफ कर दिया कि वे ध्रुवीकरण का एजेंडा लेकर ही तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिये जनता का समर्थन मांगने जा रहे हैं।

अंतिम सत्र के आखिरी दो दिनों में संसद में संयुक्त प्रगतिशील मोर्चा (यूपीए) सरकार के 2004 से 2014 तक चले डॉ. मनमोहन सिंह के दो कार्यकाल के कामकाज को लेकर श्वेत पत्र लाकर उन्होंने और भाजपा ने संकेत दे दिये हैं कि कांग्रेस के प्रति नफरत व झूठ अब भी उनके सर्वाधिक भरोसेमंद हथियार हैं। देखना होगा कि सितम्बर, 2022 से कांग्रेस एवं उसका साथ पाकर मजबूत होता संयुक्त प्रतिपक्ष इंडिया, भाजपा को तीसरी बार केन्द्र की सत्ता पाने से रोक पाता है या नहीं। हालांकि अबकी स्थिति न 2014 जैसी है, और न ही 2019 वाली। अब तो भाजपा के सामने चुनौती है कि वह किसी प्रकार से कांग्रेस के नेतृत्व में बने इंडिया गठबन्धन को रोके। सामान्य तौर पर तो किसी भी चुनाव के पहले सरकार के कामकाज का आकलन होता है और उसके आधार पर सत्ताधारी दल जनता की अदालत में उपस्थित होता है। इसी के बरक्स विरोधी दल सरकार की नीतियों व कार्यक्रमों की नाकामियों को उजागर करते हैं। दोनों ओर की बातें सुन-समझकर मतदाता अपना फैसला मतपेटियों के माध्यम से सुनाते हैं। यही स्वस्थ लोकतंत्र में सरकारें चुनने या हटाने का तरीका होता है, परन्तु मोदी सरकार के कार्यकाल में वह परम्परा जाती रही। विपक्ष की ओर से या देश-दुनिया के किसी भी मंच से सरकार से पूछे गये सवालों का जिम्मेदारीपूर्ण ढंग से जवाब देने सा समय चला गया।

प्रधानमंत्री ने 10 वर्षों में कोई भी विधिवत प्रेस कांफ्रेंस नहीं ली- दोनों ही कार्यकालों में। सैकड़ों तरह के मुद्दे उठे और चले गये लेकिन अपने पूर्ववर्ती प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को 'मौनमोहन' कहने वाले नरेन्द्र मोदी स्वयं चुप्पी साधे रहे। अत्यधिक दबाव में जो दो-तीन मर्तबा उन्होंने कहा, वह लोग उंगलियों पर गिन सकते हैं।

करोड़ों की लागत से और एक व्यवस्थित प्रचार तंत्र के जरिये खुद की 'महामानव' की छवि गढ़कर केन्द्र की सत्ता हासिल करने वाले श्री मोदी के 10 वर्ष का हर क्षण स्वयं के महिमा मंडन और विपक्ष को अपमानित करते हुए गुजरा। विधायिका, कार्यपालिका एवं बड़े पैमाने पर न्यायपालिका के साथ सारी संवैधानिक संस्थाओं, जांच एजेंसियों तथा मीडिया को अपनी मुट्ठी में जकड़कर नरेन्द्र मोदी दूसरा कार्यकाल समाप्त होते-होते इतने शक्तिमान हो गये हैं कि अब काडर आधारित पार्टी कहलाने वाली भाजपा व उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तक उनकी जेब में हैं। संसदीय शिष्टाचार को ठेंगा दिखाते हुए संसद के दोनों सदनों यानी लोकसभा व राज्यसभा के क्रमश: अध्यक्ष व सभापति तो छोड़िये, राष्ट्रपति से भी वे ऊपर हैं। भारत को 'लोकतंत्र की जननी' एवं 'लोकतंत्र देश की रगों में' होने का दावा करने वाले नरेन्द्र मोदी ने देश की सम्पूर्ण संसदीय प्रणाली एवं लोकतांत्रिक मूल्यों व प्रणाली को ध्वस्त कर दिया है।

# बसंत पंचमी- 14 फरवरी, 2024: स्वागत करें ज्ञान एवं सौभाग्यरूपी उजालों का

**-ललित गर्ग -**

मन की, जीवन की, संस्कृति की, साहित्य की, प्रकृति की असीम कामनाओं का अनूठा त्योहार है बसंत पंचमी, जो हर वर्ष माघ मास में शुक्ल पक्ष की पंचमी के दिन मनाया जाता है। दूसरे शब्दों में बसंत पंचमी का दूसरा नाम सरस्वती पूजा भी है। बसंत पंचमी को श्रीपंचमी, ज्ञान पंचमी भी कहा जाता है। माता सरस्वती को ज्ञान-विज्ञान, सुर-संगीत, कला, सौन्दर्य और बुद्धि की देवी माना जाता है। कहा जाता है कि देवी सरस्वती ने ही जीवों को वाणी के साथ-साथ विद्या और बुद्धि दी थी। इसलिए वसंत पंचमी के दिन हर घर में सरस्वती की पूजा की जाती है। कहा जाता है कि देवी सरस्वती की पूजा सबसे पहले भगवान श्रीकृष्ण ने की थी। बसंत पंचमी जीवन में नई चीजें शुरू करने का एक शुभ दिन है। बहुत से लोग इस दिन ह्यगृहप्रवेशह्ण करते हैं, कोई नया व्यवसाय शुरू करते हैं या महत्वपूर्ण परियोजनाएं शुरू करते हैं। विवाह के लिए भी बसंत पंचमी का दिन बहुत ही शुभ माना जाता है। इस त्योहार को अक्सर समृद्धि और सौभाग्य से जोड़ा जाता है।



बसंत पंचमी के साथ, यह माना जाता है कि वसंत ऋतु की शुरूआत होती है, जो फसलों की कटाई के लिए एक अच्छा समय है। फाग के राग की शुरूआत भी इसी दिन होती है। फाल्गुन का अर्थ ही है मधुमास। वो ऋतु जिसमें सर्वत्र माधुर्य ही माधुर्य हो, सौन्दर्य ही सौन्दर्य हो। वृक्ष नये पत्तों से सज गये हो, कलियां चटक रही हों, कोयल गा रही हो, हवाएं बह रही हो। ऐसे मधुर मौसम में सरस्वती पूजन वसंत की शुचिता एवं सिद्धि का प्रतीक है, एक ऊर्जा है, एक शक्ति है, एक गति है। लोकमन के आह्लाद से मुखरित वसंत ही महक और फाल्गुनी बहक के स्वर इसका लालित्य है, यही इस त्योहार की परम्परा का आह्वान है। यही क्षण है व्यक्तिवादी मनोवृत्तियों को बदलने का, ईमानदार प्रयत्नों की शुरूआत का, इंसानियत की नींव को मजबूती देने का। बहुत जरूरी है मन और मस्तिष्क की क्षमताएं सही दिशा में नियोजित हों। निर्माण का हर क्षण इतिहास बने, इसके लिये पवित्र मन से सरस्वती की साधना जरूरी है।

हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, ऐसा माना जाता है कि भगवान ब्रह्मा ने इसी दिन ब्रह्मांड का निर्माण किया था। सृष्टि की रचना करके जब उन्होंने संसार में देखा तो उन्हें चारों ओर सुनसान निर्जनता एवं नीरसता ही दिखाई दी। वातावरण बिल्कुल शांत एवं नीरस लगा जैसे किसी की वाणी ही न हो। यह सब देखने के बाद ब्रह्माजी संतुष्ट नहीं थे तब ब्रह्माजी ने भगवान विष्णुजी से अनुमति लेकर अपने कमंडल से पृथ्वी पर जल छिड़का। जल छिड़कने के बाद एक देवी प्रकट हुई। देवी के हाथ में वीणा थी। भगवान ब्रह्मा ने उनसे कुछ बजाने का अनुरोध किया ताकि पृथ्वी पर सब कुछ शांत न हो। परिणामस्वरूप, देवी ने कुछ संगीत बजाना शुरू कर दिया। तभी से उस देवी को वाणी और ज्ञान की देवी सरस्वती के नाम से जाना जाने लगा। उन्हें वीणा वादिनी के नाम से भी जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि देवी सरस्वती ने वाणी, बुद्धि, बल और तेज प्रदान किया। इसीलिये बसंत पंचमी का सांस्कृतिक और धार्मिक दोनों ही महत्व है। यह ज्ञान, संगीत, कला, सौंदर्यशास्त्र की देवी सरस्वती का त्योहार है। महाभारत के शांति पर्व में उन्हें वेदों की माता कहा गया है। वह अज्ञानता, अविद्या और अंधकार को दूर कर गर्मी, चमक, प्रकाश, माधुर्य, सद्भाव, पवित्रता और प्रसन्नता का संचार करती है।

बसंत को ऋतुओं का राजा अर्थात सर्वश्रेष्ठ ऋतु माना गया है। इस समय पंचतत्त्व अपना प्रकोप छोड़कर सुहावने रूप में प्रकट होते हैं। पंच-तत्त्व- जल, वायु, धरती, आकाश और अग्नि सभी अपना मोहक रूप दिखाते हैं। आकाश स्वच्छ है, वायु सुहावनी है, अग्नि (सूर्य) रुचिकर है तो जल पीयूष के समान सुखदाता और धरती, उसका तो कहना ही क्या वह तो मानो साकार सौंदर्य का दर्शन कराने वाली प्रतीत होती है। ठंड से ठिठुरे विहंग अब उड़ने का बहाना ढूंढते हैं तो किसान लहलहाती जौ की बालियों और सरसों के फूलों को देखकर नहीं अघाते। धनी जहाँ प्रकृति के नव-सौंदर्य को देखने की लालसा प्रकट करने लगते हैं तो वहीं निर्धन शिशिर की प्रताड़ना से मुक्त होने पर सुख की अनुभूति करने लगते हैं। सच! प्रकृति तो मानो उन्मादी हो जाती है। हो भी क्यों ना! पुनर्जन्म जो हो जाता है प्रकृति का। श्रावण की पनपी हरियाली शरद के बाद हेमन्त और शिशिर में वृद्धा के समान हो जाती है, तब बसंत उसका सौन्दर्य लौटा देता है। नवगात, नवपल्लव, नवकुसुम के साथ नवगंध का उपहार देकर विलक्षण बना देता है।

बसंत पंचमी एक उत्सव ही नहीं बल्कि एक प्रेरणा भी है। बसंत पंचमी सिखाती है कि पुराने के अंत के साथ ही नए का सृजन भी होता है। असल में अंत और शुरूआत एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। बसंत ऋतु के आने से पहले पतझड़ का उदास मौसम होता है, लेकिन बसंत पंचमी के साथ ही बसंत ऋतु भी दस्तक देती है और बसंत ऋतु में पतझड़ से खाली हुए पेड़ पौधों में फिर से एक चमक, एक सुंदरता उतर आती है। जीवन का दस्तूर भी कुछ ऐसा ही है। पतझड़ की तरह खालीपन आता है लेकिन सब्र का दामन ना छोड़ें तो बसंत की बहार भी आती है। पूरे मन एवं आस्था से सरस्वती की पूजा एवं साधना करें ताकि आपकी वाणी मधुर हो, स्मरण शक्ति तीव्र हो, सौभाग्य की प्राप्ति हो, विद्या की प्राप्ति हो। सरस्वती पूजा से पति-पत्नी और बंधुजनों का कभी वियोग नहीं होता है तथा दीघार्यु एवं निरोगता प्राप्त होती है। इस दिन भक्तिपूर्वक ब्राह्मण के द्वारा स्वस्ति वाचन कराकर गंध, अक्षत, श्वेत पुष्प माला, श्वेत वस्त्रादि उपचारों से वीणा, अक्षमाला, कमण्डल, तथा पुस्तक धारण की हुई सभी अलंकारों से अलंकृत सरस्वती का पूजन करें। मां सरस्वती को बागीश्वरी, भगवती, शारदा, वीणावादनी और वाग्देवी सहित अनेक नामों से पूजा जाता है। देवी भागवत में उल्लेख है कि माघ शुक्ल पक्ष की पंचमी को ही संगीत, काव्य, कला, शिल्प, रस, छंद, शब्द, स्वर व शक्ति की प्राप्ति जीव-जगत को हुई थी। इसीलिये मां सरस्वती को प्रकृति की देवी की उपाधि भी प्राप्त है। पद्मपुराण में मां सरस्वती का रूप प्रेरणादायी है। धर्मशास्त्रों के अनुसार मां सरस्वती का वाहन सफेद हंस है। यही कारण है कि देवी सरस्वती को हंसवाहिनी भी कहा जाता है। देवी सरस्वती विद्या की देवी हैं। देवी का वाहन हंस यही संदेश देता है कि मां सरस्वती की कृपा उसे ही प्राप्त होती है जो हंस के समान विवेक धारण करने वाला होता है। केवल हंस में ही ऐसा विवेक होता है कि वह दूध का दूध और पानी का पानी को कर सकता है। हंस दूध ग्रहण कर लेता है और पानी छोड़ देता है। इसी तरह हमें भी बुरी सोच को छोड़कर अच्छाई को ग्रहण करना चाहिए।

सफेद रंग शांति और पवित्रता का प्रतीक है। यह रंग शिक्षा देता है कि अच्छी विद्या और अच्छे संस्कारों के लिए आवश्यक है कि आपका मन शांत और पवित्र हो। सभी को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। मेहनत के साथ ही माता सरस्वती की कृपा भी उतनी आवश्यक है। यदि आपका मन शांत और पवित्र नहीं होगा तो देवी की कृपा प्राप्त नहीं होगी और न ही पढ़ाई में सफलता मिलेगी। मां सरस्वती हमेशा सफेद वस्त्रों में होती हैं। इसके दो संकेत हैं पहला यह कि हमारा ज्ञान निर्मल हो, विकृत न हो, अहंकारमुक्त हो। जो भी ज्ञान अर्जित करें वह सकारात्मक हो। दूसरा संकेत हमारे चरित्र को लेकर है। कोई दुर्गुण हमारे चरित्र में न हो। मां ने शुभ्रवस्त्र धारण किए हैं, ये शुभ्रवस्त्र हमें प्रेरणा देते हैं कि हमें अपने भीतर सत्य, अहिंसा, क्षमा, सहनशीलता, करुणा, प्रेम व परोपकार आदि सद्गुणों को बढ़ाना चाहिए और क्रोध, मोह, लोभ, मद, अहंकार आदि का परित्याग करना चाहिए।

**प्रेषकः**
**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार एवं स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट 25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**
**फोनः 22727486, 9811051133**

# एक भारत रत्न ने बदली पश्चिम यूपी की राजनीति

**अशोक मधुप**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**



कल तक विपक्ष आई.एन.डी.आई.ए. बनाकर एकजुट दिखाते हुए दिल्ली फतह करने की तैयारी में था। अब भाजपा के बिहार के बाद यूपी में किए खेल ने विपक्ष के सारे समीकरण बिगड़ गए। भाजपा की इस गुगली में विपक्ष धराशाही हो गया। बिहार का अभी नितीश कुमार का भाजपा से गठबंधन का मामला ठंडा नही पड़ा था कि भाजपा ने किसान नेता चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दे दिया। इस एक भारत रत्न से भाजपा पश्चिम उत्तर प्रदेश की राजनीति का नक्शा बदलने में कामयाब हो गई।इस भारत रत्न ने पश्चिम उत्तर प्रदेश में विपक्षी एकता की पूरी तरह से जड़े हीं हिलाकर रख दीं। इस भारत रत्न से जहां भाजपा को सीधे लाभ मिलेगा, वहीं विपक्ष को भारी नुकसान होगा। पश्चिम उत्तर प्रदेश के जाटों की केंद्र में जाट आरक्षण की मांग को नुकसान होगा।

पिछले काफी समय से पश्चिम उत्तर प्रदेश का जाटों का काफी तबका भाजपा से जुड़ गया था। मुजफ्फर नगर के दंगे ने इसे और एकजुट किया। राम मंदिरके नाम पर तो ये ध्रुवीकरण और हुआ। रालोद का परंपरागत वोट ही उसके पास बचा था। इस भारत रत्न के बाद भाजपा-रालोद गठबधंन को भी रालोद का ये परम्परागत वोट भाजपा को लाभ ही पंहुचाएगा।

अब तक का राजनैतिक दृश्य कह रहा है कि उत्तर प्रदेश में बसपा और सपा का गठबंधन नही होगा। बसपा सुप्रिमो सुश्री मायावती इसकी कई बार घोषणा कर चुकी हैं। सपा पश्चिम में रालोद के साथ मिलकर भाजपा के सम्मुख मैदान में उतरने की तैयारी में थीं।?सीट भी तय हो गईं थीं कि कौन किस सीट पर चुनाव लड़ेगा, पर ये राजनीति है। इसमें अगले पल क्या हो जाए, कुछ नही कहा जा सकता। और ये हो गया। किसान नेता चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलने के बाद रालोद का भाजपा के साथ जाना सरल हो गया। रालोद के भाजपा के साथ जाने से पश्चिम उत्तर प्रदेश के पूरे ही समीकरण बदल गए। तय हो गया कि पश्चिम का भाजपा झ रालोद में बंटा 18 प्रतिशत जाट वोट सीधा अब रालोद -भाजपा गठबंधन को जाएगा। सपा अब यहां कोई करिश्मा नही दिखा पाएगी। सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कांग्रेस से गठबंधन से पहले इंकार कर दिया है। बाद में रालोद के साथ रहने के दौरान उन्होंने यूपी में कांग्रेस को सिर्फ 11 सीट देने की घोषणा की थी, अब बदले में हालात में रालोद के भाजपा के साथ जाने के बाद वे क्या करेंगे, यह समय ही बताएगा। अब तक कांग्रेस के सामने हेकड़ी दिखा रहे सपा सुप्रिमों अखिलेख का चुनावी समीकरण औरं गठबंधन कांग्रेस से अपनी शर्त पर होगा या कांग्रेस की, यह अभी नही कहा जा सकता, किंतु यह तय है कि अब तक का उसका कांग्रेस के प्रति कठोर रवैया जरूर मुलायम होगा।

पिछले विधानसभा चुनाव में पश्चिम उत्तर प्रदेश ने सपा- रालोद गठबधंन के जाट-मुस्लिम समीकरण के बावजूद बीजेपी ने कुल 136 विधानसभा सीटों में से 94 सीटों पर कब्जा किया था। पश्चिमी यूपी की 22 जाट बहुल सीटों पर बीजेपी ने विजय हासिल की थी। पश्चिम यूपी में करीब 18 प्रतिशत जाट आबादी है, जो सीधे चुनाव पर असर डालती है। यानी जाट समुदाय का एकमुश्त वोट पश्चिमी यूपी में किसी भी दल की हार-जीत तय करता है। 2019 के चुनाव में जाटलैंड की सात सीटों पर बीजेपी को हार मिली थी। बीजेपी को मुजफ्फरनगर, मेरठ समेत तीन सीटों पर काफी कम अंतर से जीत मिली थी। आरएलडी के भाजपा नीत गठबधंन एनडीए के साथ आने से यहां बीजेपी की जीत की राह आसान हो जाएगी। 2009 के लोकसभा चुनाव में आरएलडी ने भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था। किसान आंदोलन के बाद उपजे किसान आक्रोश को कम करने के लिए भाजपा ने यूपी विधानसभा चुनाव 2022 में भी रालोद प्रमुख जयंत को साधने की कोशिश की थी, लेकिन वे उन्हें जोड़ने में कामयाब नहीं हो पाई। लोकसभा चुनाव में अपने मिशन को पूरा करने के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जयंत चौधरी की जरूरत भाजपा को महसूस हो रही थी। चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने के बाद अब यह खेला पूरा हो गया। यहां लोकसभा की 27 सीटें हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा ने 19 सीटों पर जीत दर्ज की। वहीं, सपा- बसपा महागठबंधन को आठ सीटों पर जीत मिली थी। पश्चिमी यूपी की चार सीटों पर सपा और चार पर बसपा उम्मीदवारों को जीत मिली। हालांकि, रालोद को इस चुनाव में कोई सीट नहीं मिल सकी। जाट समाज ने भी रालोद का साथ नहीं दिया।

2014 के बाद 2019 में भी आरएलडी को निराशा ही हाथ आई थी। जाट समाज के दिग्गज नेता अजित सिंह और जयंत चौधरी भी सपा- बसपा गठबंधन के साथ रहने के बाद भी अपनी सीट नहीं बचा पाए थे। एनडीए के साथ आने से आरएलडी की उम्मीदें बढ़ती दिख रही हैं। फायदा भाजपा को भी होना तय माना जा रहा है किंतु ये भी निश्चित है कि इस गठबंधन से शून्य पर पंहुची रालोद को भी संजीवनी मिलेगी।पश्चिमी यूपी की 27 लोकसभा सीटों का गणित भाजपा-आरएलडी गठबंधन के बाद बदलना तय माना जा रहा है। जयंत चौधरी की स्वीकार्यता हिंदू और मुस्लिम दोनों समाज में है। चौधरी चरण सिंह ने किसानों के बीच अपनी राजनीति शुरू की थी। इसमें धर्म कहीं नहीं था। 2013 के मुजफ्फरनगर दंगों के बाद धार्मिक आधार पर मतों का विभाजन हुआ। इसने पश्चिमी यूपी की राजनीति को बदलकर रख दिया। जाट समाज का एक बडा हिस्सा भाजपा के पाले में आया। हालांकि, 2020 के किसान आंदोलन के बाद एक बार फिर किसान एकजुट होने लगे हैं। यूपी चुनाव 2022 में सपा- आरएलडी गठबंधन का पश्चिमी यूपी में प्रभाव कुछ इसी प्रकार की स्थिति को दिखाता है। ऐसे में भाजपा के साथ आरएलडी के आने के बाद विपक्षी गठबंधन रनर की भूमिका में ही सिमट जाएगा। एक बात और भाजपा के साथ गठबंधन से रालोद की इज्जत भी बच जाएगी। राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के बाद हिंदू वोट का भाजपा के पक्ष में बुरी तरह धुर्वीकरण हुआ है। ऐसे में हो सकता था कि सपा- गठबंधन में चुनाव लड़ने से पश्चिम में रालोद का सूपड़ा ही साफ हो जाता। पिछले लोकसभा चुनाव में भी उसे कुछ नही मिला था। इस भारत रत्न से भाजपा राजस्थान के उन जाटों की भी नाराजगी कम करने का काम करेगी, जो काफी समय से वहां आरक्षण की मांग कर रहे हैं। चौधरी चरणसिंह को भारत रत्न मिलने के बाद केंद्र में जाटों के आरक्षण की मांग करने वालों के सुर भी बदले हैं।ये कहते हैं कि चौधरी चरणसिंह को भारत रत्न मिलना बहुत बड़ा कार्य है। जाट आरक्षण और गन्ना मूल्य तो छोटे झ मोटे मामले हैं। ये तो चलते ही रहते हैं। चलते रहेंगे।

पश्चिम के भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत का राजनीति से पहले से ही प्रत्यक्ष रूप से वास्ता नही। वह तो जब तक किसानों की बात कर रहे हैं तब तक पश्चिम उत्तर प्रदेश के जाट उनके साथ हैं, राजनीति में आते ही उनका प्रभाव खत्म हो जाता है। वह और उनके पिता स्वर्गीय महेंद्र सिंह टिकैत राजनीति में उतरकर देख चुके हैं।

पूरब में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रमुख ओमप्रकाश राजभर का अपना प्रभाव है। पिछले चुनाव में सपा में रहकर चुनाव लड़े थे। अब तो वह काफी समय से भाजपा के भजन गाते घूम रहें हैं। इस तरह से अब उत्तर प्रदेश का चुनावी परिदृश्य बिलकुल साफ हो गया है। मुस्लिम यादव समीकरण के बूते सत्ता के रास्ते तक पहुंचती रही सपा का यादव वोट राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद सपा के पास कितना बचा रहेगा, ये चुनाव के बाद ही साफ होगा। इतना जरूर कहा जा सकता है, कि अब यादव वोट भी भाजपा की ओर जाने लगा है।

# राग रंग और उत्सव का पर्व है बसन्त पंचमी

**रमेश सर्राफ धमोरा**

भारत में पतझड़ ऋतु के बाद बसन्त ऋतु का आगमन होता है। हर तरफ रंग-बिरंगें फूल खिले दिखाई देते हैं। इस समय गेहूं की बालियां भी पक कर लहराने लगती हैं। जिन्हें देखकर किसान हर्षित होते हैं। चारों ओर सुहाना मौसम मन को प्रसन्नता से भर देता है। इसीलिये वसन्त ऋतु को सभी ऋतुओं का राजा अर्थात ऋतुराज कहा गया है। इस दिन भगवान विष्णु, कामदेव तथा रति की पूजा की जाती है। इस दिन ब्रह्माण्ड के रचयिता ब्रह्मा जी ने सरस्वती जी की रचना की थी। इसलिए इस दिन देवी सरस्वती की पूजा भी की जाती है।

वसंत शब्द का अर्थ है बसंत और पंचमी का पांचवें दिन। इसलिये माघ महीने में जब वसंत ऋतु का आगमन होता है तो इस महीने के पांचवे दिन यानी पंचमी को वसंत पंचमी के रूप में मनाया जाता है। शास्त्रों में बसंत पंचमी को ऋषि पंचमी के नाम से भी जाना जाता है। बसन्त उत्तर भारत तथा समीपवर्ती देशों की छह ऋतुओं में से एक ऋतु है। जो फरवरी मार्च और अप्रैल के मध्य इस क्षेत्र में अपना सौंदर्य बिखेरती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माता सरस्वती जिन्हें विद्या, संगीत और कला की देवी कहा जाता है। है। उनका अवतरण इसी दिन हुआ था और यही कारण है कि भक्त इस शुभ दिन पर ज्ञान प्राप्त करने के लिए उनकी पूजा करते हैं। साथ ही इसे सरस्वती पूजा के नाम से भी जाना जाता है।

सभी शुभ कार्यों के लिए बसन्त पंचमी के दिन अत्यंत शुभ मुहूर्त माना गया है। बसन्त पंचमी को अत्यंत शुभ मुहूर्त मानने के पीछे अनेक कारण हैं। यह पर्व अधिकतर माघ मास में ही पड़ता है। माघ मास का भी धार्मिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से विशेष महत्व है। इस माह में पवित्र तीर्थों में स्नान करने का विशेष महत्व बताया गया है। दूसरे इस समय सूर्यदेव भी उत्तरायण होते हैं। इसलिए प्राचीन काल से बसन्त पंचमी के दिन देवी सरस्वती की पूजा की जाती है अथवा कह सकते हैं कि इस दिन को सरस्वती के जन्म दिवस के रुप में मनाया जाता है।

बसन्त पंचमी का दिन सरस्वती जी की साधना को अर्पित ज्ञान का महापर्व है। शास्त्रों में भगवती सरस्वती की आराधना व्यक्तिगत रूप में करने का विधान है। किंतु आजकल सार्वजनिक पूजा-पाण्डालों में देवी सरस्वती की मूर्ति स्थापित कर पूजा करने का रिवाज चल पड़ा है। मां सरस्वती का प्रिय रंग पीला है। इसलिए उनकी मूर्तियों को पीले वस्त्र, फूल पहनाए जाते हैं। देश में लोग बसंत पंचमी पर पीले कपड़े पहन कर विद्या की देवी मा सरस्वती कि वंदना मंत्र का उच्चारण कर उनकी पूजा करते हैं।

या कुन्देन्दुतुषारहारधवला या शुभ्रवस्त्रावृता।
या वीणावरदण्डमण्डितकरा या श्वेतपद्मासना॥
या ब्रह्माच्युत शंकरप्रभृतिभिर्देवैः सदा वन्दिता।
सा मां पातु सरस्वती भगवती निःशेषजाड्यापहा॥

माना गया है कि माघ महीने की शुक्ल पंचमी से बसन्त ऋतु का आरंभ होता है। फाल्गुन और चैत्र मास बसन्त ऋतु के माने गए हैं। फाल्गुन वर्ष का अंतिम मास है और चैत्र पहला। इस प्रकार हिंदू पंचांग के वर्ष का अंत और प्रारंभ बसन्त में ही होता है। इस ऋतु के आने पर सर्दी कम हो जाती है। मौसम सुहावना हो जाता है। पेड़ों में नए पत्ते आने लगते हैं। सरसों के फूलों से भरे खेत पीले दिखाई देते हैं। अतः राग रंग और उत्सव मनाने के लिए यह ऋतु सर्वश्रेष्ठ मानी गई है।

ग्रंथों के अनुसार देवी सरस्वती विद्या, बुद्धि और ज्ञान की देवी हैं। अमित तेजस्विनी व अनंत गुणशालिनी देवी सरस्वती की पूजा-आराधना के लिए माघमास की पंचमी तिथि निर्धारित की गयी है। बसन्त पंचमी को इनका आविर्भाव दिवस माना जाता है। ऋग्वेद में सरस्वती देवी के असीम प्रभाव व महिमा का वर्णन है। मां सरस्वती विद्या व ज्ञान की अधिष्ठात्री हैं। कहते हैं जिनकी जिव्हा पर सरस्वती देवी का वास होता है। वे अत्यंत ही विद्वान व कुशाग्र बुद्धि होते हैं।

बसन्त पंचमी का दिन भारतीय मौसम विज्ञान के अनुसार समशीतोष्ण वातावरण के प्रारंभ होने का संकेत है। मकर सक्रांति पर सूर्य के उत्तरायण प्रस्थान के बाद शरद ऋतु की समाप्ति होती है। हालांकि विश्व में बदलते मौसम ने मौसम चक्र को बिगाड़ दिया है। पर सूर्य के अनुसार होने वाले परिवर्तनों का उस पर कोई प्रभाव नहीं है। हमारी संस्कृति के अनुसार पर्वों का विभाजन मौसम के अनुसार ही होता है। इन पर्वो पर मन में उत्पन्न होने वाला उत्साह स्वप्रेरित होता है। सर्दी के बाद गर्मी और उसके बाद बरसात फिर सर्दी का बदलता क्रम देह में बदलाव के साथ ही प्रसन्नता प्रदान करता है।

चूंकि बसन्त पंचमी का पर्व इतने शुभ समय में पड़ता है। अतः इस पर्व का स्वतः ही आध्यात्मिक, धार्मिक, वैदिक आदि सभी दृष्टियों से अति विशिष्ट महत्व परिलक्षित होता है। प्राचीन कथाओं के अनुसार ब्रह्मा जी ने विष्णु जी के कहने पर सृष्टि की रचना की थी। एक दिन वह अपनी बनाई हुई सृष्टि को देखने के लिए धरती पर भ्रमण करने के लिए आए। ब्रह्मा जी को अपनी बनाई सृष्टि में कुछ कमी का अहसास हो रहा था। लेकिन वह समझ नहीं पा रहे थे कि किस बात की कमी है। उन्हें पशु-पक्षी, मनुष्य तथा पेड़-पौधे सभी चुप दिखाई दे रहे थे। तब उन्हें आभास हुआ कि क्या कमी है। वह सोचने लगे कि एसा क्या किया जाए कि सभी बोले और खुशी में झूमे।

# असली किसान की पहचान, खेती-बाड़ी-दुग्ध-दुहानः सांसद

## किसानों को नई योजनाओं से लाभ दे रही सरकारः डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सांसद आरके सिंह पटेल, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, सीडीओ श्रीमती अमृत पाल कौर, कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता की मौजूदगी में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग से एकीकृत बागवानी विकास मिशन के दो दिवसीय किसान मेला/गोष्ठी का फीता काटकर दीप जलाकर शुभारंभ किया।

सोमवार को कालूपुर स्थित मन्दाकिनी भवन में मेले का शुभारम्भ कर सांसद व जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों के स्टालों को देखा। सांसद ने कहा कि हर किसान के दरवाजे तक कीटनाशक दवा, खेतों की सिंचाई व्यवस्था, खाद कैसे पहुंचई जाये। सरकार सभी स्तरों पर कार्य कर रही है। किसान भाइयों को खेती-बारी से नहीं, खेत समेत बकरी, भेड़, पशु पालन करेंगे तो दिल्ली, हरियाणा में काम करने की जरूरत न होगी। सांसद ने कहा कि किसान खेतों की लागत को लिखे कि कितना खर्च हुआ, कितना बचा-ये लेखा-जोखा होना चाहिए। जो ये कार्य करेगा, आगे बढ़ेगा। पहले किसानों के घर में सब्जियां पैदा होती थी, कुछ सामान बाहर से मंगाते थे। गर्मी में पानी की किल्लत होती थी। किसान सब्जियों से बरी बना लेते थे, उपयोग सब्जियां बनाने में होता था। आज अधिकांश किसानों के घर में सब्जियां खरीदी जाती हैं। लौकी व अन्य सब्जियों में इंजेक्शन से बढ़ाई जा रही हैं, जो जहरीली हैं।


किसान मेला देखते सांसद आदि।

सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री बड़ी-बड़ी बीमारियों को धनराशि दे रहे हैं। सभी से अपील किया कि बीमारियों से बचने को उर्वरकों का प्रयोग न कर जैविक खेती करें। असली किसान की ये पहचान, खेती बाड़ी दुग्ध दुहान- जिन किसानों के पास है, वह विकसित हैं। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री विकसित भारत बनाने में किसानों का सहयोग कर रहे हैं।

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कहा कि सरकार किसानों के लिए नई-नई योजनायें ला रही हैं, ताकि किसानों की आय दोगुनी हो सके। बुंदेलखंड में पानी की समस्या है। अटल भू-जल व अन्य पानी योजनाओं से बुन्देलखण्ड को लाभान्वित किया जा रहा है। किसानों को स्प्रिंकलर दिये जा रहे हैं। उद्यान विभाग से विभिन्न योजनायें जारी हैं। मुसम्मी, नींबू, फूलो पर कार्य हो रहे हैं। किसानों की आय बढ़ेगी, मन लगाकर कार्य करें। गेहूं, धान से अलग खेती करें, किसानों की आय बढ़ सकती है। कुछ किसान सब्जियां, फल, दलहन, तिलहन की खेती कर रहे हैं। संगठन बनाकर कार्य हो रहे हैं। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने कृषि व औद्यानिक क्षेत्र में कार्य करने वाले प्रगतिशील किसान लौकी में प्यारेलाल प्रजापति बनकट, शंकरलाल संग्रामपुर, बैगन में संतोष सिंह छिपनी, प्याज में मोहनलाल भंभौर, आंवला-नींबू में नरेश सिंह रेहुंटिया, खीरा में दिनेश सिंह सिद्धपुर, आलू में बदलू सीतापुर, मिर्च-अमरूद में शिवचंद्र ददरी मऊ, गुलाब-गेंदा में सविता देवी डिलौरा, आम-आलू में पूरन सिंह लौंढिया आदि किसानों को स्मृति चिन्ह-प्रशस्ति पत्र व शाल भेंटकर सम्मानित किया।

मेला में डीडीओ आरके त्रिपाठी, उप कृषि निदेशक राजकुमार, जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पांडेय, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, विधायक मऊ-मानिकपुर प्रतिनिधि रवि प्रकाश त्रिपाठी, राजकुमार त्रिपाठी, शिवाकांत आदि मौजूद रहे।

# हाट एयर बैलून उडा, शिवरामपुर में किया लैंड


उडता हाट एयर बैलून।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** प्रदेश शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अगुवाई में बुंदेलखंड गौरव महोत्सव की कडी में हॉट एयर बैलून टेस्ट राइड हुई। हॉट एयर बैलून चित्रकूट इंटर कॉलेज से उड़ाया गया। एक घंटे चित्रकूट के ऐतिहासिक क्षेत्र भ्रमण बाद शिवरामपुर क्षेत्र में बैलून ने लैंड किया।

सोमवार को जिलाधिकारी की अगुवाई में टेस्ट फ्लाइट में उड़ान भरने वालों में सीडीओ श्रीमती अमृत पाल कौर, एडीएम एफआर श्रीमती वंदिता श्रीवास्तव, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, एसडीएम सदर सौरभ यादव, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी ने उड़ान भरी। हॉट एयर बैलून के सफल उड़ान पर बधाई दी। 13-14 फरवरी को सवेरे पुनः उड़ान भरी जाएगी। पर्यटन विभाग ने हॉट एयर बैलून से बुंदेलखंड गौरव महोत्सव एवं धरोहरों का प्रचार- प्रसार किया। आम जनता को हिस्सा लेने को प्रोत्साहित किया।

# राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक लालमन का हुआ स्वागत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बुंदेलखंड महोत्सव पर चित्रकला प्रतियोगिता जनसेवा इंटर कॉलेज में हुई। चित्रकला के निर्णायक बतौर राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित कला शिक्षक लालमन के पहुंचने पर विद्यालय परिवार ने खुशी जताई।

सोमवार को राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित कला शिक्षक लालमन का माल्यार्पण कर पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य/राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त सेवानिवृत शिक्षक मइयादीन ने माला पहना कर स्वागत किया। शिक्षिकाओं ने पुष्प भेंट कर खुशी जताई। प्रधानाचार्य ने कहा कि लालमन चित्रकूट के गौरव हैं, इन्हें पुरस्कार देकर सही व्यक्तित्व का चयन किया है। जिले में ही नहीं बुंदेलखंड के गौरव की बात है। डा शिवशंकर शुक्ला ने संस्कृत में वेद मंत्रों से स्वागत किया। सभी शिक्षकों-शिक्षिकाओं ने बधाइयां दी। इस मौके पर प्रधानाचार्य सीताराम, श्रीमती सरोज, श्रीमती सुनैना, आकांक्षा देवी, मनोज पांडेय, रामबाबू वर्मा, यशवंत सिंह, कमल कुमार, विमल, ओमदत्त आदि ने लालमन को शुभकामनायें दी। उज्जवल भविष्य की कामना की।


शिक्षक का स्वागत करते जनसेवा कालेज स्टाफ।

## सूने घर से चोरों ने उडाये नकदी-जेवर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि थाने के ठीक सामने दो सौ मीटर दूरी पर घटना को अंजाम दे डाला। घर से तकरीबन पचास हजार रुपये नकद व जेवर पार कर दिए। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। चोरी की ये घटना चित्रकूट थाने के सामने आदर्श नगर सिरसावन मप्र में हुई। बताया गया कि आदर्श नगर बस्ती के लवलेश पांडेय शुक्रवार को दोपहर में परिवार समेत सतना चले गये थे। शाम को लौटने पर देखा कि मेन गेट का ताला टूटा पडा है। अंदर देखा तो प्रवेश द्वार का ताला टूटा मिला। कमरों के दरवाजे खुले थे। सामान बिखरा था। पीड़ित ने बताया कि चोरों ने अलमारी से पचास हजार रुपये नकद व सोने-चांदी के जेवर ले गये हैं। थाना प्रभारी पंकज शुक्ला ने बताया कि जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।

# स्वच्छ भारत मिशन जागरूकता शुरू, नुक्कड नाटक से फैलाई जागरूकता

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 जल जीवन मिशन के तहत कर्वी ब्लाक परिसर में नुक्कड़ नाटक से सहयोगी संस्था जानकी प्रसाद मेमोरियल रिसर्च एंड एजुकेशनल ट्रस्ट महाराजगंज ने जागरूक किया।

सोमवार को कर्वी ब्लाक की बीडीओ कु आस्था पाण्डेय ने ब्लाक परिसर में हरीझंडी दिखाकर शुभारम्भ किया। रैली गांवों एवं राजस्व गांवों को रवाना हुईं। संस्था के प्रशिक्षकों ने नुक्कड़ नाटक प्रदर्शित किया। नाटक में पेयजल व स्वच्छता बाबत बीमारियों के बारे में कारण व निवारण की जानकारी दी। दूषित पानी पीने से जल जनित बीमारी उल्टी, दस्त, पेचिश, टाइफाइड, पीलिया, हैजा, डिप्थीरिया आदि बीमारियां होती हैं। खुले में शौच से बीमारियों के बारे में बताया। कहा कि एक ग्राम मानव मल में एक करोड़ वायरस, दस लाख बैक्टीरिया, एक हजार परजीवी व सौ अंडे पाये जाते हैं। कार्यक्रम की कड़ी में जोर दिया कि जो पानी बर्बाद कर रहे हैं, आने वाले 2032 में एक-एक बूंद पानी को तरसेंगे। ओडीएफ प्लस पर चर्चा की। बताया कि सरकार की योजना से ग्राम पंचायत में प्रत्येक घरों में जो शौचालय बनाये हैं, लोग इस्तेमाल नहीं करते। शौच को बाहर जाते हैं। नाटक से उन्हें प्रेरित किया कि घर में बने शौचालय का इस्तेमाल करेंगे। टीमों का उत्साहवर्धन करते हुए बीडीओ आस्था पांडे ने कहा कि रोचक ढंग से कार्यक्रम पेश किये हैं। ऐसे ही कार्यक्रमों से लोगों के अंदर जागरूकता आयेगी। लोग बीमारियों से बचेंगे। इस मौके पर प्रभारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत आशुतोष कुमार, जिला परियोजना समन्वयक पवन कुमार, गिरजा शंकर साहनी, अजीत साहनी, समन्वयक गौरव यादव, कनक कुमार, अर्जुन, सिद्धार्थ गौतम नुक्कड़ टीम के साथ मौजूद रहे।


हरीझंडी दिखाती बीडीओ।

# पति के हत्यारों पर कार्यवाही की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सरधुआ थाने के चांदी गांव की शकुन्तला देवी पत्नी स्व बाला प्रसाद निषाद ने सूबे के मुख्यमंत्री व जनसुनवाई में सौंपे पत्र में कहा कि पुलिस की मिलीभगत से पति के हत्यारे खुलेआम घूम रहे हैं। पीडिता ने न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। सोमवार को पीडिता ने कहा कि सात अक्टूबर 2023 को रात साढे आठ बजे लकडी के बंटवारे को लेकर गांव के दबंग रामसजीवन, नत्थू, जयदेवी, सत्तू, कुलदीप ने एकराय होकर लाठी-डंडा से पति बाला प्रसाद की बेरहमी से पिटाई की थी। पति को मौत के घाट उतारने के बाद दिखावे को जितेन्द्र की बुलेरो से अस्पताल ले गये। डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। वह पति का मुंह तक नहीं देख पाई। थाने में उससे कुछ कागजों में अंगूठा निशान ले लिया था। पति के हत्यारों के खिलाफ आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। पीडिता ने कहा कि पति की हत्या का मामला दर्जकर हत्यारों के खिलाफ कार्यवाही की जाये। खुलेआम घूम रहे हत्यारे उसे भी मारने की धमकी दे रहे हैं।

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग, एक लाख की सामग्री खाक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय के शंकर बाजार गल्लामंडी के पास बालाजी बैग हाउस की दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लगने से भारी क्षति हो गई। ये अग्निकांड शनिवार की रात हुआ। बताया गया कि दुकान में आग लगने की सूचना पडोसियों ने दी। आसपास के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। न बुझने पर दमकल टीम ने पहुंचकर आग बुझाई। अग्निकांड से तकरीबन एक लाख की सामग्री जलकर राख हो गई। शहर के शंकर बाजार के देवीचरण अग्रहरि ने बताया कि बैग हाउस दुकान पहाड़ी-राजापुर मार्ग में है। प्रतिदिन की भांति वह शनिवार की रात दुकान बंद कर घर चला गया था। देर रात दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। तड़के सड़क से राहगीर निकले तो दुकान से धुआं उठता देख लोगों ने उसे जानकारी दी। सूचना पर दमकल टीम ने आग पर काबू पाया। दुकानदार ने कोतवाली में अग्निकांड की तहरीर दी है।

## नए वार्डों में जारी है प्रकाश व्यवस्था का काम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नगर पालिका कर्वी विस्तारित क्षेत्र में पालिका रोड, नाली, प्रकाश व्यवस्था का काम तेजी से कर रही है। अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता के निर्देश पर सभी वार्डों में रोड लाइट लगाने का काम जारी है। सोमवार को एसडीएम कॉलोनी, शास्त्रीनगर में प्रकाश निरीक्षक अशरफ खान, भोलानाथ केशरवानी, शंकरलाल साहू, राजेश कुमार ने वार्ड मेम्बर शंकर यादव की मौजूदगी में एक दर्जन से ज्यादा स्थानों पर रोड लाइट लगवाई। विकास निरीक्षक अशरफ खान ने बताया कि पालिका में शामिल नए वार्डों में हर जगह रोड लाइट लगाई जाएगी। अभी जितनी खरीद व आपूर्ति हो रही है, उस हिसाब से लाइट लगाने का काम चल रहा है। ये काम जारी रहेगा। रोड लाइट का काम देखकर मोहल्लेवासियों ने खुशी जाहिर की है। मोहल्ले के बद्री विशाल यादव, विजय शंकर मिश्रा, राम नरेश यादव, राम विशाल, सर्वेश सिंह यादव, अरविंद मिश्रा, वेद प्रकाश पांडेय आदि ने पालिका के कार्य की सराहना की है।

# दोनों विधानसभाओं में बडे पैमाने पर लोग भाजपा में हुए शामिल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा ने जिले की दोनो विधानसभाओं में विधानसभा मिलन समारोह कर जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, सांसद आरके सिंह पटेल, पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, डीसीबी चेयरमैन पंकज अग्रवाल, नगर पालिका चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक/महामंत्री आलोक पाण्डेय की मौजूदगी में 237 मानिकपुर विधान सभा के मिलन समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्र, विधानसभा संयोजक तीरथ तिवारी सहभागी हुए।

सोमवार को मिलन समारोह में गांवों के प्रधान, बीडीसी, पूर्व प्रधान, पूर्व सभासद, युवा अधिवक्ता, समाजसेवी, व्यापारी, स्वयं सहायता समूह की महिलायें सहभागी हुईं। भाजपा की डबल इंजन सरकारों की नीतियों से संतुष्ट लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। मंचस्थ अतिथियों ने भाजपा के पितृ पुरूषों डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अजातशत्रु, पं दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण कर शुभारम्भ किया। आए नये कार्यकर्ताओ का भाजपा परिवार में अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत कर सदस्यता दिलाई। जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकारें चार जातियों गरीब, किसान, महिला व युवाओं के कल्याण को काम कर रही है। भाजपा की सरकारें भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था दे रही हैं। भाजपा की डबल इंजन सरकारें विकास की पर्याय हैं। सभी भाजपा परिवार का सदस्य बनकर भाजपा की ताकत बनें। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि भाजपा में जुड़ता ये जनसैलाब भाजपा की ताकत बढा रहा है। 236 विधानसभा कार्यक्रम संयोजक/जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने संचालन करते हुए कहा कि सभी भाजपा कार्यकर्ता बनकर भाजपा का विस्तार करें। सभी मोदी के पंच प्रणों, नौ संकल्पों को शत-प्रतिशत अनुपालित करें।


भाजपा में शामिल होते लोग।

# 15-16 को होगा मिलेट्स महोत्सव

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उप निदेशक कृषि राजकुमार ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार के तहत मिलेट्स रेसिपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के तहत जिला स्तरीय दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव 15-16 फरवरी को राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में सवेरे दस बजे से होगा।

सोमवार को डीडीए कृषि राजकुमार ने बताया कि 15-16 फरवरी को सवेरे दस बजे जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में जिला स्तरीय दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम होगा। जिसमे मिलेट्स, मोटा अनाज बाबत किसानों को जागरूक किया जाएगा। संबंधित अधिकारियों से अपने-अपने विभागों के स्टाल/प्रदर्शनी लगाने के साथ विभागीय तकनीकी जानकारी भी दी जाएगी।


उप निदेशक कृषि राजकुमार।

## जानलेवा हमले का वांछित दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वारंटी/वांछित की गिरफ्तारी को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में चैकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग प्रवीण सिंह ने सिपाही आशीष कुमार सिंह के साथ जानलेवा हमला व गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी व क्षति पहुंचाने के वांछित रमेश पटेल उर्फ बौरा पुत्र स्व संतोष कुमार पटेल निवासी जगदीशगंज को गिरफ्तार किया।

# लूट के जेवर-रुपये-तमंचा समेत लुटेरा दबोचा, मोटरबाइक भी बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधों में अंकुश लगाने को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में राजापुर थानाध्यक्ष ने लूट की घटना का खुलासा कर लूट के जेवर समेत लुटेरे को तमंचा व मोटरबाइक समेत दबोचा है। ज्ञात है कि दस नवम्बर 2023 को राजापुर थाना क्षेत्र में कस्बे के कल्लू प्रसाद सोनी पुत्र बाबूलाल के साथ जेवर से भरे बैंग को अज्ञात लुटेरा छीन ले गया था। बैग में पचास ग्राम सोना, एक किलो चांदी व 60 हजार रुपये नकद थे। पुलिस ने उचित धाराओं में मामला दर्जकर लुटेरे की सुरागरसी लगी थी।


पुलिस गिरफ्त में लुटेरा।

सोमवार को अपराध निरीक्षक राजापुर बलवान सिंह की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि पयश्वनी नदी पुल महुवा गांव में चेकिंग दौरान मोटरबाइक सवार देवेन्द्र कुमार उर्फ पप्पू सोनी पुत्र अशोक सोनी निवासी नदीपार कटरा नई बस्ती थाना मऊरानीपुर को गिरफ्तार किया। जामा तलाशी से 2250 रुपये, एक तमंचा 315 बोर व दो कारतूस तथा लूट बाबत सोने-चांदी के जेवर बरामद हुए। पूंछतांछ में आरोपी ने कबूल किया कि धनतेरस को राजापुर में हुई लूट में अवधेश श्रीवास पुत्र मुरलीधर श्रीवास निवासी नदीपार कटरा नई बस्ती थाना मऊरानीपुर भी शामिल था। बरामदगी पर पुलिस ने धारायें बढाई। मोटरबाइक सीज कर तमंचा पर शस्त्र अधिनियम के धारायें लगाई। दोनों आरोपियों का मऊरानीपुर थाने में खासा आपराधिक इतिहास है। टीम में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार, अपराध निरीक्षक बलवान सिंह, दरोगा अनिल कुमार, दरोगा कन्हैया बक्श सिंह, सिपाही प्रकाश मिश्रा, अजय वर्मा व चालक वीरपाल शामिल रहे।

# तकनीकी सहायक मस्त, बीडीओ पस्त

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कर्वी ब्लाक में तैनात तकनीकी सहायक देवेन्द्र सिंह शासन के निदेशों की खुलेआम अनदेखी कर ग्राम निधि से कराये कार्यों की मनमानी ढंग से एमबी कर रहे हैं। सोमवार को तकनीकी सहायक देवेन्द्र सिंह की मनमानी से बीडीओ बेबस नजर आ रही हैं। तकनीकी सहायक के विरूद्ध कार्यवाही से कतराती हैं। उपायुक्त श्रम रोजगार की मेहरबानी से तकनीकी सहायक मस्त है। तकनीकी सहायक देवेन्द्र सिंह पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही। जिला प्रशासन मामले को संज्ञान में लेते हुए तकनीकी सहायक पर कार्यवाही करेगा या उसकी मनमानी जारी रहेगी।

## दरोगा सुरेन्द्र सचान घायल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** यातायात पुलिस के दरोगा सुरेन्द्र सचान हादसे में घायल हो गये। ये हादसा सोमवार को पूर्वान्ह 11 बजे हुआ। बताया गया कि यातायात पुलिस के दरोगा सुरेन्द्र सचान पुलिस लाइन से कर्वी आ रहे थे। चारपहिया वाहन कर्वी से इलाहाबाद की ओर जा रही थी। ईंटा मंडी के पास चार पहिया वाहन ने दरोगा की मोटरबाइक में ठोकर मार दी। ठोकर लगने से दरोगा गम्भीर रुप से घायल हो गये। उन्हें विभागीय गाडी से जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# नेतन्याहू के लोगों को हटाने के निर्देश के बाद दक्षिणी गाजा पर हमले की आशंका तेज



**रफाह।** दक्षिणी गाजा पर हमले की आशंका इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के सेना को रफाह से जनता को हटाने के निर्देश के बाद तेज हो गई है। अबतक इजराइली हमले में 27,947 फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। इजराइल के अनुसार रफाह हमास का आखिरी गढ़ है और उसे इस्लामिक आतंकवादी समूह के खिलाफ अपनी युद्ध योजना को पूरा करने के लिए सेना भेजने की जरूरत है। अनुमान है कि गाजा व अन्यत्र स्थानों पर हुए हमले के बाद 15 लाख से अधिक फलस्तीनी लोग भागकर रफाह आ गए।

नेतन्याहू ने कहा कि रफाह में एक बड़े पैमाने पर ऑपरेशन की जरूरत है। उन्होंने सुरक्षा अधिकारियों से दोहरी योजना पेश करने के लिए कहा है, जिसमें नागरिकों की निकासी और हमास की बची आतंकी इकाइयों को ध्वस्त करने के लिए सैन्य अभियान शामिल होगा। इससे पहले, शुक्रवार को इजरायल ने रफाह में कई ठिकानों पर बमबारी की थी। यह हमला बाइडन प्रशासन के अधिकारियों और सहायता एजेंसियों द्वारा इजरायल को गाजा में हमले का विस्तार के खिलाफ चेतावनी देने के कुछ घंटे बाद हुआ। हवाई हमलों में रफाह में दो आवासीय इमारतों को निशाना बनाया गया, जबकि मध्य गाजा में दो अन्य स्थलों पर बमबारी की गई। इसमें 22 लोग मारे गए।

नेतन्याहू के इस आदेश के बाद मिस्त्र को भी चिंतित कर दिया है। उसने कहा है कि रफाह में कोई भी जमीनी कार्रवाई या बड़े पैमाने पर सीमा पार विस्थापन इजरायल के साथ उसकी 40 साल पुरानी शांति संधि को कमजोर कर देगा।

वहीं, इजराइली सेना ने कहा है कि बंदरगाह शहर हाइफा के पास एक संदिग्ध हवाई लक्ष्य को रोक दिया गया है। हाइफा और अशदोद के बंदरगाह इजराइल के व्यापार के लिए महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार हैं। सैन्य प्रवक्ता ने कहा कि कोई क्षति नहीं पहुंची है। इस बीच इजरायल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने चेक समकक्ष से मुलाकात की।

# नेपाल: दो करोड़ के नकली नेपाली नोट के साथ भारतीय नागरिक गिरफ्तार, सहयोगी फरार



**काठमांडू।** पुलिस ने सोमवार सुबह 2 करोड़ के फर्जी नेपाली नोट के साथ एक भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया। उसका सहयोगी फरार हो गया। भारतीय नम्बर प्लेट वाली गाड़ी में रख कर फर्जी नोट लाया जा रहा था।

यह बरामदगी उस समय हुई जब हाइवे पर नियमित चेकिंग के दौरान पुलिस ने भारतीय नम्बर प्लेट वाली स्कॉर्पियो गाड़ी की जांच के दौरान बोरे में रखे गए दो करोड़ के नकली बरामद किए। सुनसरी जिले के पुलिस एसपी विपीन रेग्मी ने बताया कि सभी जाली नोट एक हजार रुपए के हैं। जिले के इनरवा के पास पुल पर चेकिंग के दौरान इसे बरामद किया गया।

पुलिस के मुताबिक जिस गाड़ी में नकली नोट बरामद किया गया है वह बिहार का है। पुलिस इसके चालक मोहम्मद सैयद (22) को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस ने बताया कि गाड़ी में मौजूदा रहा उसका सहयोगी फरार होने में कामयाब हो गया जिसकी तलाश की जा रही है।

एसपी रेग्मी ने बताया कि जिस तरह इन दिनों नकली नेपाली नोटों का जखीरा पकड़ा जा रहा है, वह किसी समय नेपाल में भारतीय नकली नोटों के कारोबार के जैसा है। पकड़े गए गाड़ी चालक से पूछताछ के बाद एसपी आशंका जताई कि जो रैकेट कल तक जाली भारतीय नोटों के कारोबार में सक्रिय था, आशंका है कि वही गिरोह अब नकली नेपाली नोट के कारोबार में सक्रिय है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है कि इतने बडे पैमाने पर एक साथ नकली नेपाली नोट पकडा गया है।

# पाकिस्तान में राजनीतिक दलों के बीच झड़प में तीन लोगों की मौत, सात घायल



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिणी प्रांत सिंध में रविवार को दो राजनीतिक दलों के बीच झड़प में तीन लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। आधिकारिक सूत्रों ने शिन्हुआ को बताया कि लरकाना जिले में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और ग्रैंड डेमोक्रेटिक अलायंस (जीडीए) के कार्यकताओं के बीच बहस से शुरू हुई झड़प देखते ही देखते सशस्त्र संघर्ष में तब्दील हो गयी। दोनों दलों के बीच झड़प में गोलीबारी भी हुई, जिसमें दोनों दलों के कार्यकर्ता और उनकी सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी हताहत हुए।

सूत्रों ने बताया कि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची, जिसमें एक सहायक पुलिस उपनिरीक्षक समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद प्रदर्शनकारी तितर-बितर हो गये और स्थिति पर नियंत्रण कर लिया गया।

एक पुलिस अधिकारी सहित सात घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनमें से दो की हालत गंभीर है।

# बड़ी कूटनीतिक जीत: कतर से रिहा किए गए 8 पूर्व भारतीय नौ सैनिक, 7 स्वदेश लौटे, भारत ने किया फैसले का स्वागत

**नई दिल्ली।** भारत को एकबार फिर बड़ी कूटनीतिक जीत मिली है। कतर की जेल में बंद भारतीय नौसेना के सभी आठ पूर्व नौ सैनिकों को रिहा कर दिया गया है जिनमें से सात नौ सैनिक वापस लौट चुके हैं। विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में इसकी जानकारी दी गई है। ये आठों पूर्व नौसैनिक जासूसी के आरोप में कतर की जेल में बंद थे। अदालत ने इन्हें मौत की सजा सुनाई थी। जिसके बाद भारत के लिए इनकी रिहाई बड़ी चुनौती बनी हुई थी। भारत के अनुरोध पर कतर के अमीर ने पहले ही इन नौसैनिकों की मौत की सजा को कम करते हुए उम्रकैद में बदल दिया था। अब अमीर के आदेश पर इन पूर्व नौ सैनिकों की रिहाई कर दी गई है जिसका भारत ने स्वागत किया है।विदेश मंत्रालय के आधिकारिक बयान में कहा गया, 'भारत सरकार कतर में हिरासत में लिए गए अल-दहरा ग्लोबल कंपनी के लिए काम करने वाले आठ भारतीय नागरिकों की रिहाई का स्वागत करती है। उनमें से आठ में से सात भारतीय सुरक्षित भारत लौट आए हैं।' मंत्रालय ने कहा, 'हम इन नागरिकों की रिहाई और घर वापसी सुनिश्चित करवाने के लिए कतर के अमीर के फैसले की सराहना करते हैं।' कतर की अदालत ने जब भारत के आठ पूर्व नौ सैनिकों की सजा का ऐलान किया तो भारत ने इसके खिलाफ अपील की थी। इसका फायदा यह हुआ कि 28 दिसंबर, 2023 को आठों भारतीय नागरिकों को सुनाई गई मौत की सजा पर रोक लगा दी गई। इनकी रिहाई के लिए कतर और भारत के बीच राजनयिक वार्ता चल रही थी। जिसके बाद नौसैनिकों की मौत की सजा को बढ़ी हुई जेल की सजा में बदल दिया गया। उल्लेखनीय है कि कतर की जेल में कैद ये आठों भारतीय पहले नौसेना में काम करते थे। इनके ऊपर कथित तौर पर कतर के सबमरीन प्रोग्राम की जासूसी करने का आरोप था, जिसके बाद आठों को गिरफ्तार किया। ये अक्टूबर, 2022 से ही कतर की जेल में बंद थे। कतर की अदालत ने आठों भारतीयों को जासूसी का दोषी करार देते हुए मौत की सजा सुनाई थी।

# गाजा में फिलीस्तीनियों की मौत का आंकड़ा बढ़कर 28,176 : मंत्रालय



**गाजा।** गाजा पट्टी में इजरायली हमलों में मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या बढ़कर 28,176 हो गई है, जबकि 67,784 अन्य घायल हुए हैं। गाजा स्थित स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी।

समाचार एजेंसी शन्हिुआ की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार को इसमें कहा गया कि पिछले 24 घंटों में इजरायली हमलों में कम से कम 112 फिलिस्तीनी मारे गए और 173 अन्य घायल हो गए। आधिकारिक फिलिस्तीनी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए ने बताया कि दक्षिणी गाजा पट्टी के रफाह शहर में एक घर पर इजरायली बमबारी में कम से कम 25 फिलिस्तीनी मारे गए। एक फिलिस्तीनी सूत्र ने नाम न छापने का अनुरोध करते हुए कहा कि इजराइल ने पिछले कुछ घंटों में खान यूनिस, दीर अल-बलाह, रफाह और गाजा सिटी पर हवाई हमले और बमबारी की, इसमें दर्जनों फिलिस्तीनी मारे गए और घायल हो गए। जेरूसलम पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) के जनरल स्टाफ के प्रमुख हजी हलेवी ने शनिवार को कहा कि इजराइली सेना खान यूनिस में लड़ाई खत्म करने से अभी बहुत दूर है। जेरूसलम पोस्ट के अनुसार इजराइल की आंतरिक सुरक्षा एजेंसी शिन बेट के प्रमुख रोनेन बार ने बताया कि इजराइली बलों ने खान यूनिस में हवाई हमलों में 1,200-1,300 आतंकवादियों को मार गिराया।

# फिलीपीन में भूस्खलन से मरने वालों की संख्या बढ़कर 54



**मनीला।** दक्षिणी फिलीपींस में भूस्खलन से मरने वालों की संख्या बढ़कर 54 हो गई है। सरकार ने कहा, बचावकर्मी 63 लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं।

समाचार एजेंसी शन्हिुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 6 फरवरी की शाम को दावाओ डी ओरो प्रांत के पहाड़ी शहर माको में भूस्खलन हुआ, इसमें कई घर, वाहन और दर्जनों लोग दब गए।

मैको टाउन आपदा निवारण कार्यालय ने कहा कि कम से कम 32 लोग घायल हो गए।

स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि भूस्खलन से मैको नगर पालिका के चार गांवों में 1,347 परिवार या 5,431 लोग प्रभावित हुए हैं।

विश्व जोखिम सूचकांक 2022 ने फिलीपींस को दुनिया के सबसे अधिक आपदा-प्रवण देशों में नंबर एक स्थान पर रखा है।

पैसिफिक रिंग ऑफ फायर में स्थित, द्वीपसमूह अक्सर शक्तिशाली तूफानों से प्रभावित होता है, इससे अचानक बाढ़ और भूस्खलन होता है, और भूकंप व ज्वालामुखी विस्फोटों से हिल जाता है।

# रूस ने यूक्रेन पर 45 ड्रोन हमले किए, यूक्रेन के युद्ध मंत्रिमंडल में फेरबदल जारी

**कीव।** यूक्रेन पर रूस ने साढ़े पांच घंटों के दौरान 45 ड्रोन से हमले किए। वहीं, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की का अपने युद्ध मंत्रिमंडल में बदलाव का दौर जारी है। यूक्रेन की वायुसेना ने एक बयान जारी कर बताया कि रूस द्वारा भेजे गए ईरान निर्मित 40 शाहिद ड्रोन को राजधानी कीव के बाहरी इलाके सहित देश के नौ क्षेत्रों में मार गिराया।

यूक्रेन के दक्षिणी रक्षा बलों के अधिकारियों ने टेलीग्राम चैनल से जानकारी दी, साढ़े पांच घंटे तक चली लड़ाई में रूस द्वारा कृषि सुविधाओं और तटीय बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया। उन्होंने बताया कि मायकोलाइव क्षेत्र में एक हमले में एक व्यक्ति घायल हो गया जबकि आग लगने से आसपास की आवासीय इमारतों को नुकसान पहुंचा। क्षेत्र के सैन्य प्रशासन के प्रमुख सेरही लिसाक ने कहा कि यूक्रेन के निप्रॉपेट्रोव्स्क क्षेत्र में एक अन्य व्यक्ति तब घायल हो गया जब नष्ट हुए ड्रोन के मलबे के कारण आग लग गई। रूस द्वारा ये हमले ऐसे समय किए गए हैं जब जेलेंस्की जवाबी हमलों की गति बनाए रखने के लिए सैन्य कमांडरों की नियुक्ति में फेर बदल कर रहे हैं।

यूक्रेन ने रविवार को घोषणा की कि पूर्व उप रक्षा मंत्री लेफ्टिनेंट जनरल अलेक्जेंडर पावल्युक यूक्रेन की जमीनी सेना के नए कमांडर होंगे। यह पद पहले कर्नल जनरल ऑलेक्जेंडर सिर्स्की के पास था। सिर्स्की को गुरुवार को यूक्रेन के निवर्तमान सैन्य प्रमुख जनरल वलेरी जालुजनी के स्थान पर नियुक्त किया गया था।

राष्ट्रपति के नए आदेशों के मुताबिक यूक्रेन के समुद्री कोर के पूर्व प्रमुख यूरी सोडोल को अब देश की संयुक्त सेना का नया कमांडर नामित किया गया है। ब्रिगेडियर जनरल इहोर स्किबियुक को यूक्रेन के हवाई हमला बलों का कमांडर और मेजर जनरल इहोर प्लाहुता को यूक्रेन के प्रादेशिक रक्षा बल का कमांडर नियुक्त किया गया है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# ट्रंप रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति उम्मीदवार के और करीब पहुंचे, नेवादा व वर्जिन आइलैंड में जीते

**लास वेगास।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप नेवादा और वर्जिन आइलैंड में जीत के साथ रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति उम्मीदवार की तरफ एक कदम और करीब पहुंच गए हैं।

ट्रंप ने नेवादा में प्रतिद्वंद्वी निक्की हेली ने काकस के बजाय प्राइमरी चुनाव का विकल्प चुना था, इसलिए ट्रंप यहां इकलौते प्रमुख उम्मीदवार थे। दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर निक्की हेली रिपब्लिकन पार्टी में ट्रंप के सामने डटी हुई हैं। नेवादा में ट्रंप की जीत से उन्हें राज्य के सभी 26 डेलीगेट मिल गए। इस प्रकार वर्जिन आइलैंड से भी चार डेलीगेट हासिल कर लिए है। वर्जिन आइलैंड में ट्रंप को 74 फीसदी तो निक्की को 26 फीसदी वोट मिले।

औपचारिक रूप से पार्टी का नामांकन हासिल करने के लिए उन्हें 1,215 प्रतिनिधियों की आवश्यकता है और वह मार्च में इस संख्या तक पहुंच सकते हैं। गुरुवार को मतदान के दौरान रिनो एरिया के प्राइमरी स्कूल में चुनाव शुरू होने के 20 मिनट बाद लगभग एक हजार की संख्या में ट्रंप के समर्थक मतदान केंद्र पर पहुंच गए थे। उधर, लगातार हार रहीं निक्की ने कहा कि 2024 में महिला राष्ट्रपति होगी, चाहे मैं बनूं या कमला हैरिस, दोनों भारतवंशी हैं।

# खैबर पख्तूनख्वा में आईएस आतंकी का सरगना मारा गया

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के खैबर जिले में सुरक्षाबलों ने प्रतिबंधित संगठन दाएश से जुड़े एक आतंकवादी सरगना को मार गिराया। पाकिस्तानी सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तानी सेना के मीडिया प्रकोष्ठ इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के मुताबिक इलाके में एक ह्यहाई-प्रोफाइल आतंकवादीह्व की कथित मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने एक अभियान चलाया।

सेना ने एक बयान में कहा कि भीषण गोलीबारी के बाद, दाएश (इस्लामिक स्टेट) के ह्यहाई-प्रोफाइल आतंकवादी सरगनाह्व सूरत गुल उर्फ सैफुल्लाह को मार गिराया गया। आईएसपीआर के मुताबिक मारे गए आतंकवादी सरगना के पास से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किए गए, यह कई आतंकवादी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल रहा था।